दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 302 जयपुर, बुधवार, 11 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### विश्व कप: इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 137 रन से हराया



**धर्मशाला**। वनडे विश्व कप के सातवें मैच में इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 137 रन से हरा दिया। उसकी विश्व कप के मौजूदा संस्करण में यह पहली जीत है। इंग्लैंड को पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, बांग्लादेश को पहली हार मिली है। उसने पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को हराया था। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 364 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 48.2 ओवर में 227 रन पर ऑलआउट हो गई।

### अडाणी को पछाड़ अंबानी बने सबसे अमीर भारतीय



**नई दिल्ली**। रिलायंस इंडस्ट्री के प्रमुख मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। मुकेश अंबानी ने अब तक सबसे अमीर भारतीय की सूची में पहले स्थान पर रहे अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के फाउंडर साइरस एस पूनावाला तीसरे स्थान पर हैं। अमीरों की सूची में साइरस पूनावाला, शिव नादर के साथ ही कैवल्य वोहरा ने भी जगह बनाई है। वहीं, बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन सूची से बाहर हो गए हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 10 जनपथ पर की सोनिया गांधी से मुलाकात

# ‘BJP ने इलेक्टोरल बॉन्ड निकाल रखे हैं, यह लीगली करप्शन’

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर दिल्ली में सीईसी बैठक में शामिल होने गए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को सोनिया गांधी से उनके 10 जनपथ आवास पर मुलाकात की।

गहलोत ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया से करीब 50 मिनट तक मुलाकात की। इसके बाद मीडिया से बातचीत में सीएम गहलोत ने कहा कि कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 18 अक्टूबर को होगी। उसी में प्रत्याशियों के चयन पर फैसला लिया जाएगा। भाजपा ने अपनी पहली प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इसके बाद कांग्रेस की भी सूची जारी होनी है, ऐसे में सीएम गहलोत ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची 18 अक्टूबर को होने वाली बैठक के निर्णय के बाद ही आएगी। गहलोत ने कहा कि जब सीईसी की बैठक होगी। तभी बता पाएंगे। लंबे समय बाद हुई मुलाकात पर गहलोत ने कहा कि हम सोनिया गांधी के आशीर्वाद से यहां तक पहुंचे, इसलिए शिष्टाचार मुलाकात तो बनती हैं।



**भाजपा पर कसा तंज** भाजपा के सात सांसदों को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने के सवाल पर सीएम गहलोत ने कहा कि ऐसा कर पहले ही हार स्वीकार कर ली हैं। ऐसा किसी राज्य में नहीं हुआ कि एमपी मैदान में उतारे जा रहे हो। सीएम बोले कि मोदी व शाह राजस्थान की सरकार गिरा नहीं पाए, वह दर्द इनके दिल के कोने में ऐसा छिपा हुआ है।

### हमसे उद्योगपति मिलने आता है तो भाजपा छापा पड़वा देती है

वहीं सीएम गहलोत ने चुनावी फंडिंग और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर जुबानी हमला बोला। गहलोत बोले कि इस बार जनता से हम अपील करेंगे कि हमें मौका दो। भाजपा के पास साधनों की कमी नहीं है। इलेक्टोरल बॉन्ड निकाल रखे हैं। बॉन्ड एक तरह से करप्शन है। यह लीगली करप्शन है। बॉन्ड के नाम पर तरीका निकाल दिया। बॉन्ड का 95% पैसा इनके पास आता है। हमसे कोई उद्योगपति मिलने भी आ जाता है तो शाम को घर-दफ्तर पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पहुंच जाता है। ईडी पहुंच जाती है। लोग डरे हुए हैं, आप सोच सकते हैं। इस माहौल में हम काम कर रहे हैं।

### जातिवाद और जाति तो समाप्त होने वाले नहीं

जातिगत जनगणना की घोषणा करने को लेकर सीएम गहलोत ने कहा कि रायपुर में एआईसीसी का प्रस्ताव पास हुआ। उसमें यह फैसला किया। कांग्रेस के इस फैसले का भाजपा को स्वागत करना चाहिए। 1931 में जातिगत जनगणना हुई थी। उसके आंकड़े मौजूद हैं। इसलिए भारत सरकार इस फैसले का स्वागत करना चाहिए। देश में जातिवाद और जाति तो समाप्त होने वाले नहीं हैं। सदियों से चल रहा है, जो समाप्त नहीं होगा। आपको सब जातियों को साथ लेकर चलना पड़ेगा। सब धर्म को साथ लेकर चलना पड़ेगा तो सबको विश्वास होगा कि हमारे साथ न्याय हो रहा है, इसलिए सोच-समझ कर बड़ा फैसला किया है।

### BJP में पहली सूची के बाद बवाल: बागियों को मनाना बड़ी चुनौती

# पार्टी से टिकट कटा तो बदले सुर निर्दलीय ताल ठोकने को तैयार

## भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक पहुंचा मामला, डैमेज कंट्रोल में जुटी पार्टी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची आने के साथ ही पार्टी से टिकट कटने के बाद कई उम्मीदवारों के बगावती सुरों ने पदाधिकारियों को परेशानी में ला दिया हैं। सोमवार को 41 विधानसभा सीट पर प्रत्याशी की सूची जारी होने के बाद उन सीटों पर दावेदारी जता रहे अन्य उम्मीदवारों ने पार्टी के निर्णय का विरोध जताते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया।

बगावत का यह मामला जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय तक आ पहुंचा और कई दावेदार और उनके समर्थकों ने कार्यालय पहुंच कर भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की और उतारे गए प्रत्याशियों का विरोध किया। हालांकि इन सबसे निपटने के लिए पार्टी डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। यह कमेटी रोजाना सुबह नाराज नेताओं से बात करके उन्हें मनाने की कोशिश करेगी। वहीं पूरा मामला देखते हुए चुनाव प्रभारी अरुण सिंह को दिल्ली तलब किया गया हैं।

### सूची जारी होने के साथ ही असंतोष खुलकर आया सामने

### चुनाव प्रभारी अरुण सिंह को किया दिल्ली तलब



### इन सीटों पर इन नेताओं ने जताया विरोध

- **तिजारा:** पूर्व विधायक मामन यादव
- **झोटवाड़ा:** पूर्व मंत्री राजपाल शेखावत और आशुसिंह सूरपुरा
- **कोटपूतली:** यादराम जांगल
- **देवली-उनियारा:** राजेंद्र गुर्जर
- **किशनगढ़:** विकास चौधरी
- **नगर:** पूर्व विधायक अनिता सिंह गुर्जर
- **बानसूर:** पूर्व मंत्री रोहिताश्व शर्मा
- **सांचौर:** दानाराम चौधरी और पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी



### डैमेज कंट्रोल के लिए किया कमेटी का गठन

प्रत्याशियों की सूची जारी होने के साथ ही असंतोष खुलकर सामने आ गया है। स्थानीय क्षेत्र से लेकर पार्टी मुख्यालय तक कई प्रत्याशियों की खिलाफत शुरू हो गई हैं। इस असंतोष के बीच डैमेज कंट्रोल के लिए भाजपा ने कमेटी का गठन किया हैं। सांसद कैलाश चौधरी की अध्यक्षता वाली इस कमेटी में 10 अन्य लोगों को भी शामिल किया हैं। चुनाव संकल्प पत्र समिति के संयोजक अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि डैमेज कंट्रोल के लिए कमेटी बनी है। कमेटी सदस्य पार्टी के सभी नाराज कार्यकर्ताओं और नेताओं से बात करेंगे। उनको समझाने का काम करेंगे।

### कोई रो पड़ा तो किसी ने किया विरोध प्रदर्शन

किशनगढ़ अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को टिकट देने के बाद 2018 में भाजपा प्रत्याशी रहे विकास चौधरी टिकट कटने पर रोने लग गए और बोले कि उनकी राजनीतिक हत्या हुई है। पार्टी का झंडा जलाने वाले को टिकट दे दिया। वही देवली उनियारा से भाजपा के प्रत्याशी विजय बैंसला के विरोध में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों की संख्या में भाजपा मुख्यालय के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बैंसला को बाहरी बताते हुए अस्वीकार कर नकारा। इसी तरह जयपुर में विद्याधर नगर से दीया कुमारी और झोटवाड़ा से राज्यवर्धन सिंह को भी बाहरी बताकर विरोध किया। विरोधियों ने कहा कि भाजपा हाईकमान ने जमीनी कार्यकर्ताओं की भावनाओं की उपेक्षा कर पैराशूट उम्मीदवार को प्राथमिकता दी है। इसके साथ ही पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के समर्थक और पूर्व मंत्री राजपाल सिंह का टिकट कटने बाद उनके समर्थन में कई पार्षद इस्तीफा देने की धमकी भी दे रहे हैं। वहीं कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय पहुंचकर विरोध जताया। नगर विधानसभा से अनिता सिंह गुर्जर ने तो यह तक आरोप लगाए हैं कि वह वसुंधरा गुट है, इसलिए उनका टिकट काटा गया। किसी ने फेसबुक पेज पर पोस्ट लिखकर तो किसी ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल की अपनी नाराजगी जाहिर की। भाजपा ने नगर से जवाहर सिंह बेडम को प्रत्याशी घोषित किया हैं। वसुंधरा राजे के कट्टर समर्थक और उनकी सरकार में परिवहन मंत्री रहे रोहिताश्व शर्मा (फिलहाल भाजपा से निष्कासित) बानसूर से टिकट मांग रहे थे। टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की। कोटपूतली से टिकट कटने पर पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा के प्रत्याशी रहे मुकेश गोयल ने खुलकर विरोध जताया। इसी तरह सांचौर से भाजपा ने सांसद देवजी पटेल को टिकट दिया हैं। 2018 में प्रत्याशी रहे दानाराम चौधरी के समर्थन में मंगलवार को कार्यकर्ता धरने पर बैठक गए। पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने तिजारा में मंगलवार को एक महापंचायत का आयोजन किया और यादव भावुक हो गए और बोले- मैंने पूर्व विधायक रहते हुए भी एक नया पैसा नहीं कमाया। अपनी बेटी की शादी भी पुस्तैनी जमीन बेचकर की, इस बार मुझे बर्बाद मत कर देना। तो बानसूर में पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवीसिंह शेखावत को भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे महेंद्र यादव को टिकट नहीं मिलने से समर्थक नाराज दिखाई दिए।

### 81 विधायकों के इस्तीफे से जुड़ा मामला

# 28 नवंबर को होगी अगली सुनवाई



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने कांग्रेस के 81 विधायकों के इस्तीफे से जुड़े मामले में संशोधित याचिका पर सुनवाई 28 नवंबर को तय की है। सीजे एजी मसीह और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता एमएस सिंघवी ने कहा कि उन्हें संशोधित याचिका की कॉपी हाल ही में उपलब्ध कराई गई है। ऐसे में याचिका पर जवाब पेश करने के लिए समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 नवंबर को तय की हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता राजेंद्र सिंह राठौड़ अपने अधिवक्ता हेमंत नाहटा के साथ अदालत में पेश हुए। उन्होंने बताया गया कि याचिका को संशोधित कर विधानसभा स्पीकर के आदेश को चुनौती दी गई है। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष को स्वयं के साथ 75 अन्य विधायकों के इस्तीफे सौंपने वाले महेश जोशी, शांति धारीवाल, रामलाल जाट, महेंद्र चौधरी, रफीक खान और संयम लोढ़ा को भी पक्षकार बनाने की गुहार की गई हैं।

### VIVO कंपनी पर ED का बड़ा एक्शन

## चीन के एक कारोबारी समेत चार आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को चीनी मोबाइल कंपनी वीवो में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम मामले की जांच के तहत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। इस सिलसिले में गिरफ्तार किए गए लोगों में एक चीनी नागरिक गुआंगवेन क्यांग उर्फ एंड्रयू कुआंग भी शामिल है। इसके साथ लावा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक हरिओम राय, राजन मलिक और एक चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग को ईडी ने गिरफ्तार किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल जुलाई में वीवो कंपनी और उसके सहयोगियों पर छापे मारे थे। एजेंसी ने उस दौरान दावा किया था कि उन्होंने चीनी नागरिकों और कई भारतीय कंपनियों से जुड़े एक महत्वपूर्ण मनी लॉन्ड्रिंग ऑपरेशन का खुलासा किया था। अपनी जांच के दौरान ईडी ने आरोप लगाया कि वीवो ने कथित तौर पर भारत में कर भुगतान से बचने के साधन के रूप में अवैध तरीकों से 62,476 करोड़ रुपए की बड़ी रकम चीन भेजी थी।

### इनकम टैक्स की रेड

# जयपुर में एक कारोबारी के 10 ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

- स्नेहा समूह और इससे जुड़े सहयोगियों के देर रात तक जारी रही छापेमारी
- सर्कुलर ट्रेडिंग गतिविधियों में संलिप्तता की आशंका
- छापेमारी में मिली लाखों की नकदी और ज्वेलरी

**बेधड़क** | जयपुर

आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने मंगलवार को जयपुर जिले में 10 ठिकानों पर आयकर छापेमारी की शुरुआत की है। आयकर विभाग की यह छापेमारी जयपुर के सी-स्कीम, बनी पार्क, जवाहर नगर, एमआई रोड के अलावा विश्वकर्मा और बगरु औद्योगिक क्षेत्रों के अलावा दूदू में भी देर रात तक जारी रही। पर्याप्त आयकर भुगतान नहीं करने और वित्तीय संस्थाओं से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए सर्कुलर ट्रेडिंग से अपने कारोबार को बढ़ चढ़कर दिखाने की सूचनाओं के आधार पर आयकर विभाग की जयपुर अन्वेषण शाखा ने मंगलवार सुबह करीब 7 बजे इस छापे की कार्रवाई की शुरुआत की।





आयकर विभाग की टीम इनके जयपुर में महावीर मार्ग सी-स्कीम फ्लैट पर भी पहुंची। जहां से कुछ अहम दस्तावेज जुटाए हैं। इन दस्तावेजों की जांच के बाद पूरी कार्रवाई और अकाउंटस के हिसाब-किताब का खुलासा होगा।

### देर रात तक जारी रही कार्रवाई

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयकर छापेमारी की यह कार्रवाई स्नेहा समूह के कर्ताधर्ता विशाल बंसल, उनकी पत्नी निकिता बंसल के यहां की। सूत्र बताते हैं कि कार्रवाई की शुरुआत में ही बंसल परिवार के आवास से लाखों रुपए की नकदी और ज्वेलरी मिली हैं। वहीं कुछ अकाउंटस के हिसाब किताब मिले हैं, जिन्हें भी जब्त किया गया है। अब इनकी लेखा पुस्तिकाओं से विस्तृत जांच होगी। सूत्रों का कहना है कि अब तक हुई जांच में पता लगा है कि स्नेहा समूह ने गत वित्तीय वर्ष में करीब 300 करोड़ का कारोबार होना दिखाया है, जो वास्तव में हुआ ही नहीं। आयकर अधिकारी इस कारोबार से जुड़े दस्तावेज भी खंगाल रहे हैं। इस कारोबार में सर्कुलर ट्रेडिंग के माध्यम से कारोबार बढ़ाने का अंदेशा जताया जा रहा है। इसके अलावा स्नेहा समूह की दूदू स्थित स्नेहा पॉलिमर्स इकाई में भी काफी गड़बड़ी मिली है, इसकी भी विस्तृत जांच होगी। बताया जाता है कि समूह सिंथेटिक पॉलिमर्स से पैकिंग मैटेरियल और सिंथेटिक शीट आदि के उत्पादन से जुड़ा है। कार्रवाई का निशाना स्नेहा समूह की स्नेहा पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड, स्नेहा ऑलिफिन्स प्रा.लि. और श्री तिरुपति इंडस्ट्रीज भी बनी। इन कंपनियों के कार्यालयों से भी आयकर अधिकारियों ने अनेक डिजिटल डेटा जुटाएं हैं, जिसका भी विश्लेषण होगा। अंदेशा है कि समूह ने विदेशों में धन को ठिकाने लगाया है। छापेमारी की कार्रवाई देर रात तक जारी रही।

### 70 करोड़ की काली कमाई पकड़ने का दावा

**उदयपुर** में पिछले सप्ताह गुरुवार को शुरू हुई आयकर छापेमारी मंगलवार को समाप्त हुई। विभाग ने यहां 70 करोड़ की काली कमाई पकड़ने का दावा किया है। यह छापेमारी तीन बिल्डर्स समूह के हुई थी। छापेमारी में 95 किलो चांदी, 6.500 किलो सोना और 2.56 करोड़ की नकदी भी जब्त हुई हैं। यह छापे आरची बिल्डर्स, मीनाक्षी प्राइम प्रॉपर्टी और बुला कंस्ट्रक्शन के संचालकों व सहयोगियों के करीब 40 ठिकानों पर छापे मारे गए थे। शांतिलाल जैन, ऋषभ जैन और नरेश बुला इनके संचालक हैं। छापेमारी में जमीनों की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी के दस्तावेज, बेनामी नामों से आदिवासी समुदाय के लोगों की जमीन खरीद के प्रमाण मिले हैं।

## जरूरी खबर

### राजस्थान आमजन मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**जयपुर।** राजस्थान आमजन मोर्चा (राम) के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर महागठबंधन की ओर से ज्ञापन सौंपा। मोर्चा संयोजक विजय कौशिक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान में सनातनियों पर निरंतर हो रहे प्रहार को लेकर कठोर कानून बनाने की मांग की। उन्होंने बताया कि कोई भी सरकार हो, अपनी भूमिका सनातन के पक्ष में नहीं निभा रहे हैं। प्रदेश में समाज कंटकों द्वारा निरंतर व्यवस्था को बिगाड़ने के प्रयास किए हैं। इस मौके पर मोर्चे ने धर्म विरोधी लोगों की ओर से जगह-जगह किए गए अवैध कब्जों पर भी राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया।

### बसपा ने राजस्थान में 12 प्रत्याशियों की घोषणा की

**जयपुर।** प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के बाद सभी राजनीतिक पार्टियों की ओर से प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया जा रहा है। इधर बहुजन समाज पार्टी ने मंगलवार तक कुल 12 प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। इनमें से 2 प्रत्याशी सार्दुलपुर से पूर्व विधायक मनोज न्यांगली और बांदीकुई से भवानी सिंह गुर्जर शामिल हैं। जिन 12 प्रत्याशियों को बसपा ने मैदान में उतारा है, उनके नाम और जातिगत समीकरण उन इलाकों में लगभग फिट बैठते हैं। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से सोमवार को की गई लिस्ट के ऐलान के बाद तीसरा मोर्चा भी लगातार अपनी सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर रहा है।

### भाजपा डरी हुई, इसलिए सांसदों को उतारा: रंजन



**जयपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद और राजस्थान चुनाव के लिए सह प्रभारी रंजीत रंजन मंगलवार को बीकानेर पहुंची और पार्टी के ब्लॉक और जिला लेवल के पदाधिकारी के साथ चर्चा की और दावेदारों से मिलते हुए संवाद किया। इस दौरान रंजन ने भाजपा की पहली प्रत्याशियों की सूची को लेकर जुबानी हमला बोला और कहा भाजपा खुद सरकार की योजनाओं और आम जनता के बीच सरकार को लेकर बने माहौल से डरी हुई हैं। इसीलिए पार्टी को पहली सूची में ही अपने सांसदों को मैदान में उतारना पड़ा है।

## टिकट वितरण में एंटी-इनकम्बेंसी से निपटने के लिए कांग्रेस तैयार कर रही प्लान

# कांग्रेस करीब 50-75 से सीटों पर उतार सकती है नए चेहरे!

■ भाजपा के बाद कांग्रेस की भी नए चेहरों पर दांव खेलने की रणनीति

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने 41 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। इन 41 नामों से भाजपा ने 29 सीट पर चेहरे बदल दिए हैं। जिसके चलते कांग्रेस इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्ट्रेटेजी के अनुसार टिकट वितरण का प्लान




कर रही हैं। टिकट वितरण में एंटी-इनकम्बेंसी से निपटने को लेकर प्लान बनाया जा रहा है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों की माने तो कांग्रेस करीब 50-75 सीटों पर नए चेहरे मैदान में उतार सकती हैं। कांग्रेस सत्ता में रहकर हर बार ज्यादातर मंत्री-विधायकों को रिपीट करती आ रही है। लेकिन भाजपा की पहली सूची में ही नए चेहरों पर दांव खेलने की रणनीति ने कांग्रेस को भी सोचने को मजबूर कर दिया है। इससे अब कांग्रेस नए चेहरों और जिताउ उम्मीदवारों को टिकट के मंथन पर जुट गई है। हालांकि अभी इस पर निर्णय सीईसी की बैठक के बाद ही होगा।

भाजपा की रणनीति को देखते हुए अब कांग्रेस हर सीट पर उम्मीदवार चयन में बारीकी से हार-जीत का आंकलन कर जिताउ उम्मीदवार को मैदान में उतार सरकार रिपीट में जुट गई है।

### टिकटों पर गहलोत व सोनिया में चर्चा

इधर दिल्ली में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मंगलवार को मुलाकात की। इस दौरान मुखंत्री गहलोत ने सोनिया को आश्वस्त किया कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी और इसलिए आलाकमान जीत को आधार मानकर सर्वे के आधार पर जिताऊ उम्मीदवार को ही टिकट दे। इसमें किसी को कोई आपत्ति भी नहीं होगी। गहलोत व सोनिया में टिकट वितरण को लेकर चर्चा हुई। सूत्रों की मानें तों जल्द ही कांग्रेस राजस्थान में पहली लिस्ट जारी कर सकती है।

### हर सरकार में एंटी-इनकम्बेंसी

हर सरकार को किसी न किसी स्तर पर एंटी-इनकम्बेंसी या सरकार विरोधी भावनाओं का सामना करना ही पड़ता है। राजस्थान में हर पांच साल में सरकार बदलने का रिवाज रहा है। भाजपा और कांग्रेस के सामने हमेशा प्रदेश में सरकार को रिपीट करने के लिए एंटीइनकमबेंसी का सामना करना ही पड़ा है।

### आज स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक

भाजपा में प्रत्याशियों के नामों की लिस्ट जारी करने का सिलसिला शुरू हो गया है, लेकिन कांग्रेस में सूची जारी होने में अभी समय लगेगा। अभी प्रदेश इलेक्शन कमेटी की बैठक होनी बाकी है। जिसमें एक लाइन का प्रस्ताव पास कर प्रदेश इलेक्शन कमेटी कांग्रेस आलाकमान पर टिकट का निर्णय छोड़ेगी। इसके साथ ही स्क्रीनिंग कमेटी के साथ भी एक अंतिम बैठक जयपुर में बुधवार होगी। इसके लिए कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई मंगलवार को जयपुर पहुंच चुके हैं। इसके बाद दिल्ली में कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की बैठक होगी और कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की मुहर से टिकट 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रों में कभी भी जारी किए जा सकते हैं। सबसे पहले कांग्रेस ए और डी ग्रेड की सूची जारी करेगी। डी ग्रेड में लगातार जहां से हार रही है, वहां प्रत्याशी मैदान में उतारेगी और जहां से लगातार जीत रही है उन विधानसभा सीट से भी प्रत्याशी चयन कर मैदान में उतारेगी।

## कर्ज से किसानों की जमीन नीलाम होने का भाजपा ने बनाया मुद्दा

# पोस्टर में किसान का फोटो लगाने पर फंसी BJP, मानहानि का दावा

■ किसान माधुराम ने कहा- मेरी प्रतिष्ठा को पहुंचाई ठेस

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच किसानों पर राजनीति जारी है। भाजपा और कांग्रेस किसानों के मुद्दे पर लगातार सियासत कर रही हैं। भाजपा ने अपने पोस्टर में जिस किसान का फोटो लगाकर उसकी जमीन कर्ज से नीलाम होने का दावा किया था, उस किसान माधुराम जयपाल ने भाजपा के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करवाया है।

रामदेवरा की रिखियों की ढाणी के रहने वाले किसान माधुराम ने रामदेवरा थाना में मानहानि का मामला दर्ज करवाया है और कार्रवाई की मांग की है। किसान ने कहा कि भाजपा ने मेरी इजाजत के बिना मेरा फोटो अपने पोस्टर पर लगा दिया और यह पोस्टर पूरे राजस्थान में लगाया है। भाजपा के इस पोस्टर पर यह लिखा गया है कि 19 हजार किसानों की जमीन नीलाम हुई है।

भाजपा के इस झूठ के कारण मेरी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। मेरी कोई जमीन नीलाम नहीं हुई है और मेरे पास मेरी 200 बीघा जमीन मौजूद है। भाजपा के द्वारा मेरी छवि को धूमिल किया गया है। जिससे आम जनता और समाज के बीच मेरी मानहानि हुई है। किसान माधुराम ने जैसलमेर भाजपा जिला अध्यक्ष, भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष और पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। यह किसान सीएमआर में पहुंचकर सीएम अशोक गहलोत से भी मिला था।



### झूठी वाहवाही लूटने के लिए किसानों को कर रहे बदनाम: गहलोत

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को एक मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के दौरान कहा कि भाजपा ने जैसलमेर के किसान माधुराम की जमीन नीलाम होने की फोटो पोस्टरों में लगा दी। उस किसान ने जैसलमेर में इलाके के पुलिस थाने में भाजपा के खिलाफ केस किया है। आपकी झूठी वाहवाही लूटने के लिए भाजपा के लोग किसानों को बदनाम कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री गहलोत ओछी राजनीति कर रहे: अरुण सिंह

#### किसान ने खुद फोटो खिंचवाई, अब पलटा

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह मंगलवार को जोधपुर पहुंचे। जहां उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ओछी राजनीति कर रहे हैं। रामदेवरा के किसान की परमिशन के बिना जमीन नीलामी के विज्ञापन में फोटो इस्तेमाल करने के सवाल पर कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत के अधिकारी जाकर किसान को डरा रहे हैं। कई अभिनेता कई उत्पादों का विज्ञापन करते हैं, इसका यह मतलब नहीं कि वे उन प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी करते हैं। जरूरी नहीं कि कोई कूलर का विज्ञापन करता है तो उसके घर में कूलर मिले। गहलोत की ऐसी सोच पर हमें हंसी आती है। अगर सीएम खुद मुद्दों की बात करते तो अच्छा भी लगता। उन्होंने कहा कि जब किसान खुद पोज देकर फोटो खिंचवा रहा है, तो यह बात स्पष्ट है कि उसकी सहमति से फोटो खींचा गया, अब दबाव में आकर पीछे हट रहा है।

#### जोधपुर में भाजपा जीतेगी सभी सीटें

प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि इस बार जोधपुर जिले की सभी 10 सीट भाजपा के खाते में आएगी और खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी हारेंगे। वहीं पहली सूची के बाद हो रहे विरोध को लेकर कहा कि कुछ लोगों में मतभेद जरूर है लेकिन मनभेद नहीं है। इसलिए भाजपा सभी को एक साथ बैठ कर इस मामले का भी समाधान कर लेगी।

## चुनाव प्रबंधन समिति की कार्यशाला

# परिवर्तन का संकल्प पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह मंगलवार को जोधपुर दौरे पर रहे। जोधपुर में उन्होंने लघु उद्योग भारती सभागार में आयोजित जिला चुनाव प्रबंधन समिति की कार्यशाला में चुनावी रणनीति को लेकर मार्गदर्शन दिया। साथ ही चुनाव विजय की रणनीति को लेकर चर्चा की।

इस अवसर पर कार्यशाला में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री विजया राहटकर, चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नारायण पंचारिया, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, सूरसागर विधायक सूर्यकान्ता व्यास आदि मौजूद रहे। प्रभारी सिंह ने आगामी दिनों में पार्टी के चुनाव प्रचार, सभाओं और चुनावी अभियान में उत्साह के साथ शामिल होने का आह्वान किया। राजस्थान में कमल खिलाने का संकल्प पूरा करने का प्रण लिया। सभी ने कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने का आग्रह किया। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह के साथ भाजपा की मूल शक्ति कार्यकर्ता साथियों से मिलकर उत्साह दोगुना हो गया।

चुनाव प्रबंधन समिति कार्यशाला में कार्यकर्ताओं से परिवर्तन का संकल्प पूरा करने में कोई कसर बाकी न रखने का विनम्र आग्रह किया। प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने बैठक की प्रस्तावना रखी आगामी विधानसभा चुनाव में योजनाबद्ध तरीके से काम करने का आह्वान किया।

## पूर्व विधायक पं. भंवरलाल शर्मा की प्रतिमा का किया अनावरण

# आचार संहिता के बाद CM का पहला दौरा

■ मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में भाजपा पर साधा निशाना

**बेधड़क** | जयपुर

चुनावों को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद पहली बार सीएम अशोक गहलोत दौरे पर निकले। दिल्ली सीडब्ल्यूसी की बैठक में भाग लेने के बाद मंगलवार को गहलोत सरदारशहर पहुंचे। जहां उन्होंने अष्टधातु से बनी पूर्व विधायक पं. भंवरलाल शर्मा की की प्रतिमा का किया अनावरण किया। शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर दिल्ली रोड स्थित स्मृति स्थल पर अनावरण समारोह



में सभा को संबोधित करते हुए गहलोत ने भाजपा पर जमकर तंज कसा और अपनी योजनओं को गिनाया। गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने कमल के फूल को ही मुख्यमंत्री बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं बस कमल के फूल को देखो आप, नाम मत पूछो। अब आप बताओ कमल का फूल कैसे मुख्यमंत्री बन सकता हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की पहली लिस्ट आ चुकी है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को भी पहली लिस्ट में जगह नहीं मिली है। सीएम ने कहा कि जनता का प्रेम देखते हुए लगता है कि चूरू जिले की छह सीटें कांग्रेस जीत रही हैं। भाजपा वाले अब तक अपना चेहरा तक स्पष्ट नहीं कर पाए इनको अभी तक यह नहीं पता कि हमारा नेता कौन होगा।

## सीएम ओएसडी से क्राइम ब्रांच की 5वीं बार पूछताछ

# पुराने सवालों से बेवजह परेशान कर रहे हैं अधिकारी: लोकेश शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान फोन टैपिंग मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी और प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन लोकेश शर्मा से मंगलवार को दिल्ली रोहिणी स्थित क्राइम ब्रांच में पांचवी बार पूछताछ हुई। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने लोकेश शर्मा से 4 घंटे तक कड़ी पूछताछ की।

अधिकारियों ने लोकेश शर्मा से फोन टैपिंग से जुड़े सवाल पूछे और शर्मा ने प्रदेश में सरकार गिराने की साजिश हुई लेकर जवाब दिए। शर्मा से बुधवार को क्राइम ब्रांच के



अधिकारी फिर से एक बार पूछताछ करेंगे। मीडिया से वार्ता के दौरान लोकेश शर्मा ने कहा कि हर बार पूछताछ में क्राइम ब्रांच के अफसरों की तरफ से एक ही तरह के सवाल किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हर बार ये स्पष्ट किया है कि उनका इस मामले से कोई संबंध नहीं है। जो ऑडियो क्लिप उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से मिलीं, उन्हें को उन्होंने सर्कुलेट करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पैसों के लेनदेन के जरिए सरकार को गिराने की बात की जा रही हो, तो उन्होंने उचित समझा कि मीडिया के माध्यम से उन्हें जनता तक पहुंचाया जाए और यही उन्होंने किया। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने दिल्ली पुलिस में परिवाद देकर जनप्रतिनिधियों के फोन टेप करने और छवि खराब करने का आरोप लगाया था। 25 मार्च 2021 को क्राइम ब्रांच ने लोकेश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## आचार संहिता लगते ही चुनाव आयोग अलर्ट

# राजनीतिक दलों के साथ एजेंसियां भी चुनावी मोड पर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों की घोषणा होते ही राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ चुनाव आयोग और एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर आ गई हैं। ऐसे में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुए इसी सप्ताह में रेकॉर्ड 58 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज और नगदी पकड़ी है।

वहीं पिछले एक महीने की बात करें तो यह आंकड़ा 170 करोड़ है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से ये कार्रवाई की गई है। इसमें पिछले एक सप्ताह में 4 करोड़ 41 लाख रुपए कैश,



लगभग 20 करोड़ रुपए की ड्रग्स, 5 करोड़ 59 लाख रुपए की शराब और 9.5 करोड़ रुपए की सोना-चांदी जब्त की है जबकि फ्रीबीज 18.69 करोड़ के जब्त की गई है। गुप्ता ने बताया कि पिछले एक माह में 14 करोड़ रुपए से ज्यादा का कैश 64 करोड़ रुपए की मादक सामग्री और 17.40 करोड़ रुपए की शराब, सोना-चांदी 32..5 करोड़ और फ्रीबीज 31 करोड़ रुपए से ज्यादा की है।

### प्रशिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

विधानसभा चुनावों के सफल आयोजन के लिए जयपुर जिले में पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी (प्रथम) प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होगा। मतदान दलों को प्रशिक्षण देने के लिए मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित की अध्यक्षता में प्रशिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर एचसीएम रीपा स्थित मेहता सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षकों और जिला स्तरीय प्रशिक्षकों को राज्य स्तरीय प्रशिक्षक मनीष कुमार गोयल ने प्रशिक्षण दिया और चुनाव प्रक्रिया से संबंधित बारीकियों से रूबरू करवाया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने कहा कि मतदान दलों को चुनावी प्रशिक्षण को बेहद गंभीरता, समर्पण एवं निष्ठा के साथ दिया जाए। इस राष्ट्रीय महत्व की जिम्मेदारी में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मुख्य सचिव ने की वीसी

मुख्य सचिव उषा शर्मा ने हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव संजीव कौशल अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि आपसी समन्वय एवं साझा प्रयासों से पूरी तरह चौकस रहकर चुनाव के दौरान पुख्ता कानून-व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य सचिव ने हरियाणा की सीमा से लगते प्रदेश के जिलों में अवैध शराब की तस्करी रोकने, राष्ट्रीय राजमार्गों से गुजरने वाले वाहनों की आकस्मिक चैकिंग, बॉर्डर चैक पोस्ट, सीमावर्ती जिलों में आपराधिक तत्वों पर चौकसी रखने पर हरियाणा सरकार के अधिकारियों से सहयोग करने का आग्रह किया। मुख्य सचिव हरियाणा ने चुनाव के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा कि चुनाव के दौरान अंतरराज्यीय सीमा पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

# महिला सशक्तिकरण पर दो दिवसीय संगोष्ठी आज

**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति, राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस रिसर्च एवं एसएस जैन सुबोध महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बालिका शिशु दिवस के अवसर 'वर्तमान परिपेक्ष में महिला सशक्तिकरण' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ बुधवार को होगा।

स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति की सचिव सुशीला भट्ट ने बताया कि प्रोफेसर रेनू जोशी राष्ट्रीय संगोष्ठी की समन्वयक एवं डॉ. शैलेंद्र मौर्य संगोष्ठी के आयोजन सचिव होंगे। संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षक अपना पत्र वाचन करेंगे। डॉ. शैलेंद्र मौर्य ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. लाड कुमारी जैन, विशिष्ट अतिथि प्रो. विजयलक्ष्मी चौहान, पूर्व निदेशक महिला अध्ययन केंद्र एवं पूर्व विभाग अध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, प्रो. सुनील महावर, अधिष्ठाता समाज विज्ञान संकाय महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी बिहार, प्रो. निर्मला सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग वनस्थली विद्यापीठ टोंक होंगे।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सुबोध महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रेनू जोशी करेंगी।

## जरूरी खबर

### एनएसयूआई ने नियुक्त किए सचिव और महासचिव



**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए युवा वोटर्स साधने में अहम भूमिका निभाने वाली छात्र संगठन एनएसयूआई ने मंगलवार को प्रदेश कार्यकरणी नई सूची जारी की है। राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश भाटी ने बताया कि प्रदेश प्रभारी गुरजोत संधू के निर्देश पर प्रदेश कार्यकरणी में 14 महासचिव और 28 सचिव की नियुक्ति की गई हैं। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी आगामी विधानसभा चुनाव में अपने क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार करेंगे और युवा वोटर्स तक पहुंचेंगे।

### 41 साल पुराने मामले में आरोपितों को परीवीक्षा लाभ

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने 41 साल पहले वर्ष 1982 में व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में लंबित मुकदमे का निस्तारण करते हुए आरोपितों को परिवीक्षा का लाभ दिया है। अदालत ने कहा कि अपीलार्थी अगले दो साल के लिए जमानत मुचलके अदालत में पेश करें। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश नानग राम, महावीर, किशन और कांति की अपील पर दिए। हालांकि सुनवाई काल के दौरान नानग राम और कांति की मौत हो चुकी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अपीलार्थियों ने 41 साल मुकदमा लंबित होने का दर्द झेला है। अपीलार्थी वर्तमान में 65 साल की उम्र से अधिक की आयु पूरी कर चुके हैं। अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता भावना चौधरी बलवदा ने अदालत को बताया कि वे 41 साल तक ट्रायल का सामने करते हुए अब 65 साल की उम्र पार कर चुके हैं। ऐसे में उन्हें परिवीक्षा का लाभ देते हुए प्रकरण का निस्तारण किया जाए। इस पर अदालत ने अपीलार्थियों को परिवीक्षा का लाभ देते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया है।

### राहुल गांधी ने जारी किया 23 सितंबर को जयपुर दौरे के दौरान महारानी कॉलेज में छात्राओं के साथ संवाद का वीडियो

# पावर स्ट्रक्चर में नहीं OBC, दलित, आदिवासियों की जगह

बेधड़क | जयपुर

'सत्य यही है कि ओबीसी, दलित, आदिवासियों की देश के पावर स्ट्रक्चर में जगह नहीं है। किसी को यह नहीं पता कि देश में कितने ओबीसी, आदिवासी और अपर कास्ट के लोग हैं। देश के लिए कास्ट सेंसस एक्स रे है, जिसमें यह पता चल सकेगा कि देश में कितने लोग हैं, कितने कम्युनिटी के हैं और उनका पावर इन्फ्राक्टचर में कितना योगदान है।'

यह बात राहुल गांधी ने कही, जब वे 23 सितंबर को जयपुर दौरे में महारानी कॉलेज में छात्राओं के साथ संवाद कर रहे थे। छात्राओं से संवाद का यह वीडियो राहुल गांधी ने मंगलवार को 'स्कूटी की सवारी एंड चिट चैट विद आज की नारी' कैप्शन से सोशल मीडिया पर जारी किया है।

गौरतलब है कि जयपुर दौरे पर आए राहुल गांधी ने अचानक से राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज महारानी में स्कूटी वितरण कार्यक्रम में शिरकत की थी और कॉलेज की छात्राओं से युवाओं के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की थी। वीडियो में एक दिन के प्रधानमंत्री बनने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि इकॉनोमी दो प्रकार की होती है। एक प्रोडक्शन इकॉनोमी जो चीजों को बनाती हैं। उन्होंने कहा कि आजकल प्रोडक्शन को चाइना डोमिनेंट कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि चाइना के लोग मेड इन इंडिया के प्रोडक्ट इस्तेमाल करे।



#### पेरेंट्स चाहते हैं वो ही करेंगे

वीडियो में राहुल गांधी ने महारानी कॉलेज के परिसर की प्रशंसा करते हुए लाइब्रेरी में छात्राओं से संवाद भी किया था। राहुल ने उनसे सवाल किया कि आप स्नातक के बाद क्या करना चाहते हो, तब अधिकतर युवाओं का जवाब था कि जो हमारे पेरेंट्स चाहते हैं वो ही करेंगे। राहुल के सवाल पर छात्राओं ने जवाब दिया कि हां हम माता- पिता की इच्छा अनुसार सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहें हैं, लेकिन उसमे ज्यादा मन नहीं है।

#### स्कूल नहीं बताते कैरियर ऑप्शन

वीडियो में छात्राओं ने कहा कि स्कूली शिक्षा के दौरान कैरियर को लेकर कुछ भी नहीं बताया जाता है। यदि आप साइंस ले रहे हैं तो आप डॉक्टर और इंजिनियर बन सकते हैं, लेकिन यह कोई नहीं बताता कि साइंस लेकर आप एस्ट्रोनॉट भी बन सकते हैं। राहुल ने कहा कि यह सबसे वैलिड पॉइंट है। राहुल ने कहा कि वे आपको वास्तविक ऑप्शन्स नहीं बताते। वो यह भी नहीं बताते कि आप यह कर सकते हो और यह भी कर सकते हैं।

#### महिला के लिए मनी पावर्स जानना जरूरी

राहुल ने कहा कि महिलाओं के लिए अभी तक यह डिसाइड नहीं किया गया है कि वो क्या काम करेंगी, क्या मनी पावर्स है, पैसे क्या हैं। राहुल ने कहा कि अगर महिला के पास जॉब भी है, लेकिन वो मनी पावर्स को नहीं जानती तो वर्क नहीं कर रही है। अगर एक औरत के पास जॉब नहीं है, लेकिन वो मनी पावर्स के बारे में जानती है तो पॉवरफुल थिंग है। यदि औरत दोनों चीजों के बारे में नहीं जानती है तब वो आदमी पर निर्भर करना शुरू कर देती है।

### धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने की चुनाव की तारीख में बदलाव की मांग

# देवउठनी ग्यारस पर सावे और मेले साधेंगे या वोट देने जाएंगे

#### शहर में होंगी 20 हजार से अधिक शदियां, पुष्कर और खाटूश्याम जी में भरेगा मेला

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीख घोषित होने के साथ ही इसमें बदलाव की मांग उठने लगी है। इसके लिए विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने निर्वाचन आयोग और केन्द्र सरकार को पत्र लिखा है। इसके पीछे कारण यह है कि इस दिन देवउठनी एकादशी है।

सामाजिक और धार्मिक संगठनों का कहना है कि इस दिन अकेले जयपुर शहर में 20 हजार से अधिक शदियां संभावित हैं तो प्रदेशभर में कितने विवाह होंगे, सोचा जा सकता है। इसके अलावा पुष्कर और खाटूश्याम जी में मेला भरेगा। ऐसे में समस्या यह होगी कि लोग सावे और मेले साधेंगे या वोट देने जाएंगे।

ऐसे में मतदान प्रतिशत कम रहने की आशंका संगठनों की ओर से जताई गई है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक भारत चुनाव आयोग की ओर से किसी प्रकार का कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन लोगों की मांग को देखते हुए जल्द ही आयोग इस मामले में बैठक कर सकता है।



"लोकतंत्र के इस बड़े पर्व का हर किसी को इंतजार है। खासकर कई युवाओं को पहली बार मतदान करने का मौका मिलेगा। देवउठनी एकादशी पर होने वाली शादियों को देखते हुए मतदान की तारीख में बदलाव होना चाहिए।

**अर्पित चतुर्वेदी,** ढेहर के बालाजी

"मेरी शादी 23 नवंबर को तय हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में मैं जरूर शामिल होना चाहती हूं, लेकिन शादी के कारण घर से भी बाहर निकलना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में मेरे जैसे बहुत से युवा वर्ग चुनाव से वंचित रह सकता है। चुनाव तारीख आगे-पीछे होनी चाहिए।

**अनिता शर्मा,** झोटवाड़ा

#### चुनावों की तारीख पर पुनर्विचार करे आयोग

विप्र फाउंडेशन ने राजस्थान में चुनाव की तारीख बदलने की मांग की है। फाउंडेशन ने भी देवउठनी एकादशी का हवाला देते हुए इस तारीख को अव्यवहारिक बताया है और इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा है कि देवउठनी एकादशी के चलते राजस्थान में शादियों की भरमार रहेगी और लाखों लोग शादी-ब्याह में बिजी रहेंगे, जो मतदान करने से वंचित रह जाएंगे।

#### प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी होगा असर

देवउठनी एकादशी पर होने वाली शादियों और मेले के कारण प्रशासन को भी काफी परेशानी उठाना पड़ेगी। जहां, एक तरफ शादियां होने से सरकारी कर्मचारी चुनाव की ड्यूटी नहीं कर पाएंगे, वहीं दूसरी ओर परिवहन के साधनों का भी टोटा पड़ने की आशंका रहेगी। दरअसल चुनाव के कारण आरटीओ परिवहन के साधनों को पांच दिन पहले ही अधिग्रहण कर लेता है। ऐसे में जिन वाहन मालिकों ने शादी की बुकिंग ले ली हैं, उनके लिए परेशानी आ जाएगी। वहीं, अबूझ सावे के कारण सड़कों पर बारातों का हुजूम रहेगा।

#### देवउठनी ग्यारस पर चुनाव होने से बढ़ेगी मंहगाई

आल इंडिया टेंट डेकोरट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि जिंदल ने बताया कि देव उठनी ग्यारस का सबसे बड़ा सावा होता है। शहर में करीब 20 हजार शादियां होंगीं, अभी से ही शहर के गार्डन भी बुक हो चुके है। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत परिवहन के साधन और लेबर की आएगी। शहर में अधिकतर मजदूर दूसरे जिले से आते हैं। चुनाव में प्रत्याशी मजदूरों को अपने खर्चे पर गांव वोट देने के लिए बुला लेता है। ऐसे में शादी की तैयारियों में परेशानी आएगी। मजदूर महंगे मिलेंगे। जहां आमतौर पर 600 की दिहाड़ी में मजदूर आता है, वहीं उस दिन 1000 तक में मजदूर मिलेंगे।

#### पुष्कर और खाटू में भरेगा मेला

देव उठनी ग्यारस पर पुष्कर राज में विख्यात मेला भी लगता है। वहीं, कार्तिक माह में स्नान करने वाली महिलाओं के लिए भी पुष्कर स्नान महत्व रहता है। इसलिए महिलाओं की वोटिंग पर भी बड़ा असर हो सकता है और मतदान कम होने की आशंका है। वहीं, खाटूश्याम जी का जन्मदिवस होने के कारण भी लोग मतदान से वंचित रह सकते हैं।

### किसान कृषि मेले का आयोजन 19 से

# जेईसीसी में तीन दिन तक मंथन करेंगे कृषि विशेषज्ञ



बेधड़क | जयपुर

किसानों की समस्याओं और खेती में समाधान पाने के लिए तीन दिवसीय किसान कृषि मेला जयपुर का आयोजन 19 अक्टूबर से आधुनिक प्रदर्शनी केंद्र जेईसीसी सीतापुरा में आयोजित होगा। किसान कृषि मेला 30 वर्षों से पुणे में हर साल आयोजित किया जाता है।

यह हैदराबाद, बैंगलोर, इंदौर और दिल्ली में भी आयोजित हो चुका है। किसान मेला जयपुर, इसी कड़ी में राजस्थान के किसानो और कृषि उद्योग को एक मंच पर लाने का प्रयास है। करण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के विशेषज्ञ राजस्थान के किसानों की समस्याओं और खेती में समाधान पाने के लिए किसान गोष्टी का संचालन कर रहे हैं। यह गोष्टी तीनों दिन अलग विषयों पर होगी। इस मेले में राजस्थान से बीस हजार से ज्यादा किसानों के आने की उम्मीद है। कृषि मेले में उन्नत एवं उपयुक्त प्रौद्योगिकियों की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन किया जाएगा।

इसके साथ ही कृषि उद्योग और प्राधिकारियों की भागीदारी भी इस किसान कृषि मेला में रहेगी। इस दौरान किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा, जिसका संचालन करण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के विशेषज्ञ द्वारा किया जायेगा। इस दौरान एक से एक संवाद के लिए किसान कनेक्ट एप भी लॉन्च किया जायेगा। किसान एप से प्रदर्शनी से पहले और बाद में कृषि उत्पादकों से फोन और व्हाट्सएप पर जुड़े रहने का मौका मिलेगा।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


### चुनाव में ड्यूटी लगने का विरोध

# राजनीति में सक्रिय, फिर भी लगाई ड्यूटी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में आगामी विधान सभा चुनाव में राजस्थान विश्वविश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अशैक्षणिक कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लगाने का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। आरयू के प्रोफेसरों द्वारा अपने कैडर के अनुरूप ड्यूटी नहीं लगाने का विरोध किया जा रहा है। रूटा अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि यूनिवर्सिटी के 100 से अधिक शिक्षकों की नियम विरुद्ध चुनाव ड्यूटी लग दी है। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर का कैडर मजिस्ट्रेट लेवल का है, उन्हें जोनल मजिस्ट्रेट के नीचे नहीं लगाया जा सकता है। उन्हें पीठासीन अधिकारी बना दिया गया है।

गौरतलब है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा चुनाव में 100 से अधिक शिक्षकों और 250 से भी अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसका कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। रूटा अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनितिक पार्टियों से संबध होने के बावजूद शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति द्वारा प्रदत्त राजनीतिक अधिकारों और विश्वविद्यालय अध्यादेश 384-ए के तहत गत वर्षो से राजनीतिक पार्टियों एवं विचारधाराओं में सक्रिय है।

उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी रद्द नहीं करने पर एक ही विधानसभा सीट मालवीय नगर से सभी शिक्षक चुनाव लड़ेंगे।


### दिन-रात के पारे में बढ़ा गैप, रात को ठंडक

# सरसों की बुआई शुरू, 14 से होगी बारिश

बेधड़क | जयपुर

मानसून की विदाई के बाद से ही प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान के बीच का गैप बढ़ रहा है। राजधानी में सोमवार को दिन के समय अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री तो रात का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। रात के मुकाबले दिन में करीब 11 डिग्री अधिक तापमान दर्ज किया गया।

इससे जयपुराइट्स को दिन में तेज गर्मी तो रात में हल्की ठंडक का अहसास हुआ। इधर, सबसे अधिक दिन और रात के तापमान में अंतर सिरोही में 15 डिग्री से अधिक अंतर दर्ज किया गया। यहां दिन के समय तापमान 32.8 डिग्री, वहीं रात को तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तरी राजस्थान के अधिकतर जिलों में किसानों ने सरसों, गेहूं की फसलों बुवाई शुरू कर दी है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से होने वाली बारिश का फायदा किसानों को मिल सकता है।



मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार उत्तर भारत में 14 अक्टूबर से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिसका प्रभाव प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में नजर आएगा।

गंगानगर, हनुमानगढ़ एरिया में इस सिस्टम से बारिश होगी एवं राज्य में सर्दी भी बढ़ने की आशंका है। राजस्थान में इस सिस्टम का असर 14 अक्टूबर की शाम या 15 अक्टूबर से देखने को मिलेगा। दिन-रात के तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस तक का अंतर रहेगा। राजधानी समेत प्रदेशभर की अधिकतर जगहों पर रात के समय शहरों में ठंडक बढ़ी है।

### डाका डालने वाले 5 गिरफ्तार

# बेनामी संपत्ति जानकार के यहां छिपाई थी, वहां से भी ले उड़े थे डकैत

● जल जीवन मिशन घोटाले के आरोपी के घर डकैती का मामला

बेधड़क | जयपुर

चौमूं थाना पुलिस ने जल जीवन मिशन घोटाले के आरोपी पीएचईडी के ठेकेदार पदमचंद जैन की बेनामी संपत्ति और सोने पर डाका डालने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए मंगलवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपियों से करीब 60 लाख रुपए का एक किलो सोना और बड़ी संख्या में बेनामी संपत्ति के दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। इनमें करीब 50 करोड़ रुपए की संपत्ति के दस्तावेज शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में चौमूं निवासी केशव सोनी, जयपुर के वीकेआई निवासी कुलदीप सिंह शेखावत, झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी निवासी अशोक कुमार सैन, बीकानेर के करणीसर गांव निवासी भैरू सिंह भाटी और झुंझुनूं जिले के झाझड़ गांव निवासी लोकेश सिंह को गिरफ्तार किया है। जल जीवन मिशन घोटाले में आरोपी ठेकेदार पदमचंद जैन ने एसीबी और ईडी की छापेमारी से बचने के लिए बड़ी संख्या में अपनी बेनामी संपत्ति के दस्तावेज और सोना चौमूं में अपने बेटे पीयूष जैन के ससुराल में परिचित के घर पर रखवा दिए थे। यह दस्तावेज तीन ट्रॉली बैग में भरकर रखे गए थे।



#### वारदात के बाद कुल्लू-मनाली घूमने निकल गए थे आरोपी

आयुक्त जोसफ ने बताया कि इस वारदात में शामिल भैरू सिंह टैक्सी ड्राइवर है। उसने अपने जानकर वेदप्रकाश यादव से उज्जैन जाने के लिए क्रेटा गाड़ी दो दिन के लिए मांगकर ली। इसके बाद उन्होंने गाड़ी की नंबर प्लेट बदलकर वारदात को अंजाम दिया और वेदप्रकाश को गाड़ी नहीं लौटाई। वारदात के बाद बदमाश अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर फरारी काटने कुल्लू-मनाली चले गए। वापस आकर ये माल बेचने की फिराक में थे। तभी पुलिस ने उन्हें जयपुर में 200 फीट बाईपास के पास से धर दबोचा।

#### पांच लाख में मंगाए थे चार बदमाश

पुलिस जांच में पता चला कि केशव ही वारदात का मुख्य सूत्रधार है। केशव को इन दस्तावेज की सूचना मिल गई थी। उसी ने पूरी योजना बनाई थी। इसके लिए केशव ने पांच लाख रुपए में चार बदमाशों को बुलाया था। बदमाशों ने श्रवण सिंह के घर में घुसकर उसे बंधक बनाया और पिस्टल तानकर डराया। इसके बाद वे दस्तावेज भरे तीन ट्रॉली बैग लेकर भाग गए। इस दौरान उन्होंने फायरिंग भी की।

#### हवाला रकम लूट में शामिल था केडी

डकैती की वारदात में पकड़े गए अशोक सैनी के खिलाफ उदयपुरवाटी में दो मुकदमें दर्ज हैं, जबकि कुलदीप उर्फ केडी शातिर अपराधी है। जो जोधपुर में हवाला की रकम की लूट में भी शामिल था। उसके खिलाफ सीकर, झुंझुनूं और जोधपुर में चार मुकदमें दर्ज है, जबकि लोकेश के खिलाफ भी सीकर और झुंझुनूं में दो मुकदमे दर्ज हैं।

## जरूरी खबर

### MP के 3 बदमाशों को हथियारों सहित दबोचा



**चित्तौड़गढ़**। निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने नाकाबंदी में झाबुआ जिले के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से अवैध हथियार व थार जीप को जब्त किया है। एसपी राजन दुष्यन्त ने बताया कि टीम की ओर से जलिया चेकपोस्ट पर नाकाबंदी की जा रही थी। इस दौरान जीप को रुकवाया गया। इसमें बैठे एमपी झाबुआ के थाना राणापुर निवासी निकुल प्रसाद नायक (30), खड़ू बड़ी निवासी विक्रम सिंह (27) व हेमेन्द्र सिंह (23) के पास एक राईफल, मैग्जीन, तीन जिन्दा कारतुस मिले।

### बिना पोस्टमार्टम के इजराइल जाएगा पर्यटक का शव

**अजमेर**। पुष्कर में इजराइली पर्यटक की मौत के बाद अब मृतक के शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया जाएगा। शव को एम्बुलेंस से दिल्ली ले जाया जाएगा। यहां से स्पेशल फ्लाइट के जरिए शव को इजराइल ले जाया जाएगा। 8 अक्टूबर को पुष्कर की एक होटल में खाना खाने के बाद इजराइली पर्यटक की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। प्रथम दृष्टया माना जा रहा था कि इजरायल पर हुए हमले से वह तनाव में था। इस कारण उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई थी। सीओ मनीष बड़गुजर ने बताया कि इजरायली पर्यटक के परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए सहमति नहीं दी है। इजराइल पर हमले में पर्यटक के किसी रिश्तेदार की मौत हुई थी। इसके चलते वह ज्यादा तनाव में था।

### स्व. काशीराम के पदचिह्नों पर चलने का किया आह्वान



**दौसा**। जिला मुख्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन खटीकान मौहल्ला तथा गंगा विहार कालोनी में बीएसपी के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उन्हें कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आसपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नरेश मीरवाल, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रशांत वर्मा ने काशीराम के जीवन पर अपने विचार रखे और उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर विजेन्द्र सिंह, जसंवतसिंह, आसपा युवा जिलाध्यक्ष धीरज कारोलिया, रिंकू गैरोटा, राजाराम जैनवाल, रोशन बैरवा, अशोक बैरवा सिंगवाडा, रोहिताश बैरवा आदि लोग मौजूद रहे।

## साकार हुई सांस्कृतिक विरासत: झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र, दो दिन होंगे कई कार्यक्रम

# शहनाई वादन व शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ डीग महोत्सव

**बेधड़क** | डीग

बैंडबाजे पर गूंजती लोकगीतों की मधुर स्वरलहरियां, बड़ी संख्या में सिर पर कलश लेकर चल रही महिलाएं और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध दर्शक। ऐसा ही कुछ नजारा मंगलवार को डीग महोत्सव के शुभारंभ पर नजर आया। दो दिवसीय महोत्सव का श्रीगणेश शहनाई वादन के साथ हुआ। सुबह 8 बजे जलमहल पर शहनाई की गूंज के साथ महोत्सव शुरू हुआ।

लोक कलाकारों ने शहनाई की मधुर स्लरलहरियों के साथ आगन्तुकों का स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। इसमें कई झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। राजस्थान पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन डीग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव की शोभायात्रा जल महल से प्रारंभ हुई। पर्यटन विभाग के उप निदेशक संजय जौहरी ने सुबह 8 बजे शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैंड बाजे पर लोकगीतों की स्वरलहरियों के साथ शोभायात्रा डीग शहर के सिंह पोल स्थित जल महल परिसर से प्रारंभ होकर हिंदी पुस्तकालय, लक्ष्मण मंदिर, घंटाघर, मुख्य बाजार, लोहा मंडी, नई सड़क, पुराना बस स्टैंड होते हुए वापस जलमहल पहुंची। शोभायात्रा में स्कूल विद्यार्थी भी शामिल हुए।



शाम को जल महल में रंगीन फव्वारों की अठखेलियों ने लोगों को आकर्षित किया। देर रात तक कई कार्यक्रमों का लोगों ने आनंद उठाया।

### लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लुभाया



शोभायात्रा के दौरान पारंपरिक परिधानों से सजे-धजे कलाकार लोक कलाओं की प्रस्तुतियां देते हुए चल रहे थे। प्राचीन वाद्ययंत्रों को बजाते चल रहे कलाकारों ने धोती-कुर्ता और साफा पहना हुआ था। वहीं महिला लोक कलाकार भी परंपरात साज-सज्जा के साथ शोभायात्रा में शामिल हुईं। वहीं धोती, अचकन और पगड़ी पहने लोक कलाकारों की परंपरागत वेशभूषा लोगों को लुभा रही थी। वहीं बहूरूपिया कलाकार भी अलग-अलग स्वांग रचाकर अपनी कला दिखाते चल रहे थे। इनमें कोई बंदर तो कोई शेर तो कोई आदिवासी के स्वांग में नजर आया। शोभायात्रा जहां-जहां से भी गुजरी वहां लोग इन बहूरूपिया कलाकारों के स्वांग को एकटक देखते रहे।

### घोड़े से गिरकर कलाकार हुआ घायल

डीग महोत्सव की शोभायात्रा के दौरान एक हादसे में घोड़े पर सवार कलाकार गिरने से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शोभायात्रा के दौरान डीग के मैन बाजार में स्थित घंटाघर के पास घोड़े पर सवार एक कलाकार अचानक घंटाघर की पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण घोड़े सहित गिर गया। इसके चलते चोट आने के बाद उसे डीग अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया गया, जहां पर कलाकार का इलाज चल रहा है।

## झारखंड से ला रहे थे नशे की खेप, दो इनामी आरोपी भी गिरफ्तार

# DST टीम ने पकड़ा 6.60 करोड़ रुपए का 44 क्विंटल डोडा-पोस्त

**बेधड़क** | बाड़मेर

डीएसटी टीम ने थाना कल्याणपुर पुलिस के सहयोग से नेशनल हाईवे पर सरहद डोली में नाकाबंदी कर एक 12 चक्का ट्रक से 44 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। इस कार्रवाई में 12 हजार रुपए के इनामी आरोपी व उसके साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 6 करोड़ 60 लाख रुपए आंकी गई है।

एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर आईजी रेंज जय नारायण शेर के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में झारखंड के रांची से डोडा पोस्त तस्करी कर बाड़मेर लाया जा रहा है।

सूचना पर एसएचओ ग्रामीण व डीएसटी प्रभारी सवाई सिंह के नेतृत्व में थाना कल्याणपुर क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर सरहद डोली में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी में जोधपुर की तरफ से आ रहे संदिग्ध ट्रक को रुकवा तलाशी में 191 कट्टों से कुल 44 क्विंटल अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत ट्रक सवार देवाराम जाट निवासी पोषाल थाना शिव व प्रकाश जाट निवासी खोखा थाना बागोड़ा जिला जालौर को गिरफ्तार कर किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने नशे की यह खेप जालौर के खारी गांव निवासी तस्कर हनुमान जाट के लिए लाना बताया। आरोपी देवाराम बाड़मेर व जैसलमेर से 5-5 हजार एवं बालोतरा से 2 हजार का इनामी वांछित है। इसके विरुद्ध चोरी के पांच मुकदमे दर्ज हैं।



### हर बार गाड़ी और रूट अलग

आरोपी देवाराम ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस तथा स्वर्णिम चतुर्भुज एक्सप्रेस-वे पर भारी ट्रैफिक का फायदा उठा ट्रक से डोडा-पोस्त की सप्लाई शुरू कर दी। वह हर बार गाड़ी व रूट बदल बदल कर तस्करी करता था। राजस्थान में प्रवेश होते ही इनका साथी प्रकाश पूनिया निवासी लापुणंदड़ा ट्रक को एस्कॉर्ट करते हुए पुलिस नाकाबंदी की जानकारी देता रहता। एसपी ने बताया कि इस कार्रवाई में डीएसटी के कांस्टेबल शिवरतन व निम्ब सिंह की विशेष भूमिका रही। टीम का नेतृत्व एसएचओ ग्रामीण सवाई सिंह व एसएचओ कल्याणपुर गीता ने किया। टीम में डीएसटी से एएसआई अमीन खान, हेड कांस्टेबल मेहाराम, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, किशोर, लुंभाराम, कमांडो दिनेश, डामरा राम, चालक स्वरूप सिंह व थाना शिव से कांस्टेबल मालाराम शामिल थे।

### यूं अपराध की दुनिया में आया देवाराम

एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि देवाराम ने वाहन चोरी से अपराध की दुनिया में कदम रखा। वह बाड़मेर, जैसलमेर तथा बालोतरा में ट्रैक्टर व अन्य छोटी-मोटी चोरी किया करता था। फरारी के दौरान यह डोडा पोस्त तस्करों के संपर्क में आया और उनके साथ बड़े पैमाने पर झारखंड से पश्चिम राजस्थान में डोडा-पोस्त की तस्करी के गिरोह के संचालन में सहयोगी बना गया। झारखंड के नक्सली प्रभावित क्षेत्र में दो-तीन महीने रह कर वहां के स्थानीय तस्करों से संपर्क कर डोडा-पोस्त की सप्लाई करने का काम करने लगा।

## पुलिस व कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की

# गोवंश तस्करी की सूचना पर हंगामा



**बेधड़क** | प्रतापगढ़

शहर के सूरजपोल चौराहे पर मंगलवार को गोवंश तस्करी को लेकर हंगामा बरप गया। गोवंश को कत्लखाने ले जाए जाने की सूचना पर सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सक्रिय हुए और गोवंश से भरे वाहनों को रोक लिया। इन कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। वाहनों को रोके जाने के बाद हंगामा होने लगा।

इस पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। दरअसल प्रतापगढ़ में सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को कुछ वाहनों में गोवंश ले जाने की सूचना मिली। इस पर कार्यकर्ताओं ने सूरजपोल चौराहे पर लगभग 8 वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली गई, तो उनमें गोवंश भरा हुआ था। इनको कत्लखाने ले जाए जाने की आशंका में कार्यकर्ताओं की ट्रक चालकों से कहासुनी हो गई। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची तो कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इस दौरान अज्ञात लोगों द्वारा वाहनों पर पत्थर फेंके गए जिससे कुछ वाहनों के शीशे टूट गए। सूरजपोल चौराहे से एनएच हाईवे पर करीब 1 घंटे तक दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।

### आठ वाहनों में भरे मिले 108 गोवंश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा ने बताया कि ट्रक में गोवंश को मध्य प्रदेश की ओर ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर एसएचओ मौके पर पहुंचे तो वहां कुछ लोगों ने गाड़िया रुकवा रखी थीं और उनमें गोवंश भरा हुआ था। इस पर सभी आठ वाहनों को थाने लाया गया। इनमें 108 गोवंश हैं। आठों ड्राइवरों को डिटेन किया गया है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने आचार संहिता की पालना के दिए निर्देश

# पारदर्शिता और निष्पक्षता से करें कार्य

**बेधड़क** | टोंक

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश बैरवा ने चुनाव से जुड़े से सभी अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान सभी अधिकारी एवं कार्मिक पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. बैरवा ने कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने निर्देश दिए कि सी विजिन ऐप डाउनलोड करें और इस पर आने वाली शिकायतों का तुरंत निस्तारण करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सबकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया पूर्ण हो सके।

### अन्नपूर्णा फूड पैकेट का वितरण रोका

विधानसभा चुनाव-2023 के कार्यक्रम की घोषणा एवं राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के फोटो लगे अन्नपूर्णा फूड पैकेटों का वितरण आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है। जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव ने बताया कि इस संबंध में जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानदारों को शेष बचे फूड पैकेटों को आगामी आदेश तक सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं।

### ट्राई साइकिल रैली निकाली

मतदान में विशेष योग्यजन मतदाताओं की भागीदारी के लिए डाक बंगला टोंक से रामलीला मैदान तक ट्राई साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम भी हुआ। जिला स्वीप समन्वयक शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजेंद्र गुर्जर एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चौथमल चौधरी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तहसीलदार रामधन ने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की मजबूती का आह्वान किया।

## गीत-संगीत व खेलकूद प्रतियोगिता में दिखा बच्चों का जज्बा

# बाल उमंग उत्सव के दौरान बच्चों ने दिखाया सांस्कृतिक कौशल

**बेधड़क** | टोंक

सुबोध विद्या मंदिर दूनी में बाल उमंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि पांच साल के बच्चे को मुख्य अतिथि बनाया गया। वहीं 3 साल के छात्र रागव शर्मा ने गणेश वंदना की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

आयोजन में प्रेप से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि शांता झंवर एवं बिन्नी सोनी रहीं। विद्यालय सचिव मंजू शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमे चम्मच दौड़, मेंढक दौड़, बोरी दौड़, कुर्सी दौड़ सहित जलेबी खाओ, गुब्बारे फुलाओ, केले खाओ, अंक पहचानो प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों के साथ उनकी माताओं भी ने चम्मच एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में दमखम दिखाया। संस्था के प्राचार्य श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि इस दौरान सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता भी करवाई गई। इसमें फैंसी ड्रेस और विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता भी हुई।



कार्यक्रम में निजी शिक्षण संस्थान देवली के अध्यक्ष लोकेश जैन, देवीलाल सेन, रेणु गौड़, कविता राव, मोनिका साहू, देवेश धाकड़, गणेश शर्मा, विजय शर्मा, रमेश मेहरा, देवराज सैनी, हेमंत सैनी, पूजा शर्मा, प्रियंका प्रजापत, कोमल गुर्जर, प्रियंका जांगिड़ एवं कुसुम शर्मा मौजूद रहे।

## हवाई फायर से फैली दहशत

# हथियारों से लैस बदमाशों का माइंस कार्यालय पर उत्पात

**बेधड़क** | टोडाभीम

जहांनगर मोरड़ा गांव स्थित एक माइंस कार्यालय पर सोमवार रात हथियारों से लैस कुछ बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने माइंस कार्यालय पर मौजूद कार्मिकों को धमकी देते हुए देशी कट्टे से हवाई फायर भी किए। इससे दहशत फैल गई।

माइंस कर्मचारियों ने इसकी पुलिस को सूचना दी तो बदमाश भाग गए। इस मामले में बालघाट थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में दौसा की एक महिला को नामजद किया गया है। पुलिस बदमाशों को तलाश कर रही है। बालघाट के थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव जहांनगर मोरडा स्थित माइंस कार्यालय के गार्ड चंद्रपाल चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह टोलकोस इंडिया एलएलपी के माइंस कार्यालय पर गार्ड के रूप में सेवारत है। सोमवा को रात करीब 8 बजे वह माइंस कार्यालय पर ड्यूटी दे रहा था।



तभी मारुति वैन में सवार होकर दौसा निवासी महिला अनीता बैपलाबत और उसके साथ हथियारों से लैस 5-6 गुंडे माइंस कार्यालय पर आ धमके। महिला अनीता ने माइंस कार्यालय पर मौजूद कर्मचारियों को गालियां देते हुए कहा कि भामाशाह को कहां छुपा रखा है और मेरे पैसे कहां है? वहां मौजूद लोगों ने रोका तो अनीता ने धमकी दी कि जिस प्रकार उसने भामाशाह को मुकदमे में फंसाया है, उसी प्रकार उन्हें भी फंसा देगी।

उसने कहा कि वह अपने पति से नही डरी तो भामाशाह से भी डरने वाली नही है। इस संबध में उसने नांगल शेरपुर गांव के एक युवक का भी नाम लेते हुए कहा कि अब कोई भी व्यक्ति उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

### ...अब टोडाभीम में दिखेगा मेरा खौफ

पीड़ित की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में लिखा है कि महिला अनीता ने ऐलानियां धमकी दी है कि दौसा जिला मुझ से भयभीत रहता है, उसी प्रकार अब टोडाभीम भी भयभीत रहेगा। मैंने बहुत लोगों को फेसबुक पर लाइव आकर बदनाम कर और मुकदमे दर्ज कराकर ठीक किया है। माइंस कार्यालय के पास भैरों बाबा मंदिर पर पूजा कर रहीं महिलाओं ने अनीता को रोका तो अनीता ने कहा कि वह अपने साथ गुंडे लाई है। उनकी इज्जत तार-तार करवा देगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस गाड़ी से अनीता माइंस कार्यालय पहुंची, उसमें में 5-6 बदमाश भी सवार थे। ये सभी देसी कट्टे, तलवार, डंडे आदि हथियार दिखाते हुए गाली-गलौज कर रहे थे। इनमें से एक बदमाश ने देसी कट्टे से हवाई फायर भी किया, जिससे सभी लोग भयभीत हो गए। इसकी शिकायत तत्काल 100 नंबर पर की गई। इसके बाद महिला अनीता और उसके साथ आए गुंडे दोबारा आने की धमकी देते हुए गाड़ी में बैठकर भाग गए। थानाप्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले में जांच करते हुए बदमाशों को तलाश कर रही है।

# श्रीअन्न के उपयोग के लिए लोगों को किया जागरूक

**बेधड़क** | टोंक

कृषि विभाग टोंक की ओर से एम. बी. कृषि महाविद्यालय में मिलेट्स (श्रीअन्न) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयुक्त निदेशक के. के. मंगल ने बताया कि विद्यार्थियों को मिलेट्स जैसे बाजरा, ज्वार, रागी, कोन्दो, कुठकी, सांवा आदि के पोषक महत्व एवं स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होने के बारे में जागरूक किया।

इसके साथ ही इनके उत्पादन एवं विपणन को बढ़ाने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि औसतन मिलेट्स में 60-70 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेटस, 7-11 प्रतिशत प्रोटीन, 1.5-5 प्रतिशत वसा, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस व आयरन पाए जाते हैं। स्वास्थ्य के लिए ये इतने लाभप्रद हैं कि वैज्ञानिकों ने भी इनको पोषक अनाज नाम दिया हैं। इन पोषक अनाजों के गुणों के बारे में हर व्यक्ति, हर परिवार जाने और इनका फायदा उठाए इसलिए वर्ष 2023 को मिलेट ईयर के रूप में मनाया जा रहा है। इसके साथ ही कृषि विभाग व एम.बी. कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मिलेट्स की उपयोगिता को के लिए जागरूकता रैली निकाली।



**चुनावी पोळ**

बड़े रावळै बात हुई,
सूची है तैयार।
हाथां की रेखा गिणौ,
भली करसी करतार।।

■ गजानन

## सीधे फील्ड से

### अधिसूचना के बाद अब कर नीतियों में नहीं होगा बदलाव

# तारीख की घोषणा के साथ ही तैयार हुआ 'चुनावी बाजार'


## नए निवेश और विस्तार योजनाओं पर लगेगी कुछ समय तक रोक



■ विमल कोठारी की रिपोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनावों की अधिसूचना जारी होने के साथ ही राज्य में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। चुनावों के कारण प्रदेश के कारोबार और उद्योग धंधों पर भी असर पड़ेगा और यह पूरी संभावना है कि अगले दो माह राज्य में ना केवल नए निवेश पर विराम लगेगा, बल्कि जो इकाइयां विस्तार योजनाओं पर कार्य कर रही हैं, वे भी कुछ समय रुक कर नई सरकार की प्रतीक्षा करेंगी। चुनाव तिथियों की घोषणा के बाद यह तो तय है कि प्रदेश में वसूले जा रहे कर में जहां किसी तरह की राहत मिलने की उम्मीद नहीं है, वहीं राहत की बात यह भी है कि नए कर भी नहीं लगाए जा सकेंगे।

चुनाव की घोषणा के साथ ही अब इवेंट मैनेजमेंट, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, ट्रांसपोर्ट सेवाओं से जुड़े लोगों की व्यस्तता बढ़ने वाली है। स्थिति यह हो गई है कि चुनावी रैलियों से लेकर चुनाव तैयारियों से संबंधित बैठकों के लिए भी उम्मीदवारों को इवेंट मैनेजमेंट करने वालों की जरूरत पड़ेगी जिससे समय पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएं। कुछ स्मार्ट संभावित उम्मीदवारों ने तो इनकी उपलब्धता में कमी को देखते हुए कुछ रुपए एडवांस देकर अग्रिम बुकिंग तक करवा ली। इसी तरह चुनावों के कारण बड़े नेताओं के हवाई दौरों के लिए हैलिकॉप्टर, टैक्सी और छोटी-बड़ी बसों की मांग में भी खासी वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे आशंका यह है कि इन सभी सेवाओं और सुविधाओं के मौजूदा दाम में और वृद्धि होगी।




### एआई के जानकारों की बढ़ेगी मांग

तकनीक और स्मार्ट फोन के बढ़ते उपयोग के कारण इस बार विधानसभा चुनावों में चुनावी रणनीति से लेकर उम्मीदवारों को अपनी बात संभावित मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का अधिक सहारा लेना होगा। इसके लिए कम्प्यूटर की जानकारी रखने वाले युवाओं की जरूरत होगी, जिससे यह माना जा सकता है कि आने वाले समय में हर कीमत पर ऐसे युवा जिन्हें कम्प्यूटर का पूरा ज्ञान है, सोशल मीडिया अकाउंट को हैंडल कर सकते हैं, को जोड़ने के लिए उम्मीदवार कुछ भी राशि खर्च कर देंगे। इसी तरह चुनावी रणनीति और युवाओं को आकर्षित करने के लिए इस बार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग भी बढ़ेगा। इससे एआई का ज्ञान रखने वाले युवाओं को रोजगार के लिए अतिरिक्त अवसर मिलेंगे।

### पैदा होंगे नए कारोबारी अवसर

इस बार चुनावी खर्च में और बढ़ोतरी होने की आशंका है। वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में हुई बढ़ोतरी और श्रम लागत में वृद्धि के कारण इस साल होने वाले चुनावों में उम्मीदवारों को अधिक धन राशि खर्च करने की जरूरत पड़ेगी। हर बार की तरह इस बार भी सर्वाधिक खर्च प्रचार में होगा, लेकिन प्रचार की प्राथमिकताएं बदलेंगी और चुनावी विज्ञापन, होर्डिंग, पोस्टर, झण्डे, रिकॉर्डेड वॉयस मैसेज आदि पर ही पारम्परिक प्रचार केन्द्रित रहेगा। तकनीक का उपयोग कर मतदाताओं से सीधे सम्पर्क स्थापित करने में सोशल मीडिया के माध्यम से अपने पक्ष में मतदान की अपील के वीडियो एक नया प्रयोग हो सकता है। जानकारों का कहना है कि चुनावों में सबसे अधिक जरूरत उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने और चुनावों के लिए सहयोग जुटाने वालों होती है, ऐसे में स्वच्छ छवि के लोगों को अपने साथ जोड़ने के लिए उम्मीदवार हर तरह से प्रयास करता है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि राज्य में विधानसभा चुनावों की शुरुआत के साथ ही कुछ नए कारोबारी अवसर भी निकलेंगे, जिनका ना केवल इस चुनावी मौसम में, बल्कि अपनी योग्यता के अनुसार लम्बे समय तक लाभ उठाया जा सकता है।



## बिहाइंड द कर्टेन

# आगाज बता रहा है कि अंजाम कैसा होगा

राजनीति में सबसे कठिन परीक्षा की घड़ी टिकट हथियाना होती है। कई तरह के दांवपेच, समीकरणों की अग्नि परीक्षा के बाद यह हासिल होता है। फूल वाली पार्टी में टिकट जेब में होने का दावा करने वाले कई भाई लोगों को मुंह की खानी पड़ी है। अब भाई लोग बगावती गुब्बारों में हवा भर रहे हैं। पार्टी में दो दशक की राजमाता को टिकट वितरण में ठेंगा देखने को मिला है। हालांकि समर्थकों ने अभी भी नारा बुलंद किया हुआ है कि ये नहीं तो सरकार नहीं। लेकिन पहली पटखनी के बाद इस खेमे के नेताओं के माथे पर पसीने की बूंदे नजर आ रही हैं। यायवर को खबर मिली है कि टिकट कट संकट मोचन नाम वाले नेता की पार्टी से अंदर खाने सम्पर्क करने में जुट गए हैं। झोटावाड़ा के हुकुम का टिकट कटा तो उन्होंने आंखें दिखाई। हालांकि सब कुछ राजनीतिक पूर्वानुमान के तहत ही हो रहा है। इस लिस्ट में और भी नाम हैं। ज्यादातर नाम ए ग्रेड वाली सीटों के हैं जहां बदलाव की बयार बह रही है। सूची में हैरान करने वाली बात यह भी रही कि सम्मानीय भाई और बहनों किसी को भी तवज्जो नहीं देकर साफ मैसेज दिया गया है कि दिल्ली दरबार में सभी हाथ जोड़े खड़े हैं।

■ यायावर

## ई वॉर



Rajasthan PCC reposted
Rahul Gandhi @RahulGandhi · 3h
आदिवासी देश के बजट के ₹100 में से मात्र 10 पैसे पर निर्णय लेते हैं - ये बहुत शर्मनाक है!

हम आदिवासी, दलित और OBC समुदाय का अपमान होने नहीं देंगे - जातीय जनगणना करवा कर रहेंगे, उन्हें सही हिस्सेदारी दिला कर रहेंगे।

Diya Kumari @KumariDiya · 10h
3 दिसंबर को कांग्रेस के कुशासन का अंधेरा छंटेगा और भाजपा के "सुशासन का कमल" खिलेगा..

## थड़ी पॉलीटिक्स

### सूट पहनना है तो यहां मत बैठो

# दिल्ली चलो दिल्ली



**स्थान** भाजपा मुख्यालय सी- स्कीम जयपुर | **समय** दोपहर 12 बजे

*"इनके हाथ में क्या है, जो यहां बैठ रहे हो, दिल्ली चलो। अबकी बार सब वहीं से हो रहा है।" यह बात भाजपा मुख्यालय के बाहर चाय की थड़ी पर बतियाते हुए गांधी पथ निवासी शीशराम गुर्जर ने कही। दरअसल एक दिन पहले भाजपा के प्रत्याशियों की जारी हुई लिस्ट से कई दावेदारों के अरमानों पर पानी फिर गया। ऐसे में सुबह से ही बीजेपी मुख्यालय धरना और प्रदर्शन की स्थली बना हुआ है। पूर्व मंत्री और झोटवाड़ा से विधायक रहे राजपाल सिंह शेखावत का टिकिट कटते ही उनके समर्थक भाजपा कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन करने लग गए। वहीं स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने मुख्यालय का द्वार बंद कर दिया। ऐसे में राजपाल समर्थक बड़े नेताओं को बाहर बुलाने की मांग करने लगे। कुछ समर्थक दिल्ली दरबार में जाने की भी कहने लगे। साथ ही यहां वहां चाय की थड़ियों पर भी कार्यकर्ताओं की मंडलियां जम गईं। एक मंडली में गिरधारीपुरा निवासी रईस मोहम्मद कहने लगे कि प्रदेश के नेताओं की चल नहीं रही, इसलिए सब अंदर ही बैठे हैं। इसी बीच कनकपुरा निवासी शीशराम ने कहा कि अबकि बार सब दिल्ली से हो रहा है। लगता है नेताजी दिल्ली तक नहीं पहुंच पाए। जिनके भरोसे चल रहे थे, उन मेडम को ही साइड में कर दिया है। पार्टी स्थानीय को टिकिट देती तो जीत पक्की थी। तभी वहां बैठे सोहनराम ने किशनगढ़ की चर्चा छेड़ते हुए कहा कि "युवाओं को मौका देने की बजाए पहले से जमे जमाए को टिकिट दे दिया। सांसद तो मोदी के चेहरे पर कोई भी बन जाएगा। विधायक बने तब नेता माना जाएगा। सांसदों को भी जीतने में जोर तो आएगा। इस बार मोदी ने तगड़ा ही झटका दिया है। कई लोगों के सूट सिल गए थे। अब सूट पहनना है तो दिल्ली जाना ही पड़ेगा।" बात सुन यहां ठहाके गूंज उठे।*

■ नरेन्द्र चतुर्वेदी

## पॉली क्लिक्स



*चुनावों की सरगर्मियों के बीच प्रचार-प्रसार के लिए होने वाली सभाओं का भी अलग ही तरह का उत्साह होता है। हर उम्र के लोग इन सभाओं का आनंद उठाते हैं। शहरों की जनसभाओं में यहां-वहां खेलते-कूदते बच्चों का दिखना कम हुआ है लेकिन गांवों में यह उल्लास अभी बरकरार है। हाल ही हनुमान बेनीवाल ने नागौर में सभा की तो यहां मौजूद बच्चों ने उन्हें घेर लिया। बेनीवाल ने बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई तो बच्चे काफी खुश नजर आए।*

## पॉली टून





## चुनावी इतिहास के झरोखे से

# तिजारा में गोलियां चलने की सूचना से मचा था हड़कंप, निकली अफवाह



■ **गुलाब बत्रा,** वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

अफवाहों का बाजार- कितना असरदार हो सकता है- यह सर्वविदित है। कई बार अफवाहें इस तौर-तरीके से फैलाई जाती हैं कि वे एक बारगी सच मान ली जाती हैं। लेकिन हकीकत सामने आने पर सारा माजरा समझ में आता है पर तब तक अफवाह फैलाने वालों का एजेण्डा या मकसद पूरा कर लिया जाता है। विशेषकर साम्प्रदायिक दंगों के समय ऐसी अफवाहें नुकसानदेह होती हैं और प्रशासन की परेशानी बढ़ जाती है। अफवाहों का कोई निश्चित दायरा भी नहीं है। राजनीति से लेकर शासन-प्रशासन समेत विभिन्न क्षेत्रों में यह बीमारी छूत के रोग की तरह फैलने का दमखम रखती है। फिल्म जगत में इसे गपशप का नाम दे दिया जाता है तो राजनीति में एक तीर से कई निशाने लगाने के बतौर इसका उपयोग होता है।



बाला किला, अलवर

अब चुनावी दौर में भी अफवाहें फैलाकर अपना मनोरथ पूरा करने के प्रयत्न किए जाते हैं लेकिन आज अपन जिस किस्से की चर्चा कर रहे हैं वह पांच दशक पुराना है। भारत पाक युद्ध 1971 के पश्चात लोकसभा चुनाव के दौरान का यह प्रसंग है। मैं उन दिनों कॉलेज विद्यार्थी था और भरतपुर में समाचार- भारती के संवाददाता के रूप में भी कार्य कर रहा था। भरतपुर के साथ साथ मुझे अलवर संसदीय क्षेत्र में भी चुनावी कवरेज का अवसर मिला। अलवर में पत्रकार साथियों तथा राजनीतिक दलों के लोगों से चर्चा दौरान सम्भवतः तिजारा विधानसभा क्षेत्र के एक गांव की चर्चा सुनने को मिली। गांव पहुंचने के लिए चार पांच किलोमीटर पगडंडी थी। मन में ठान ली और बस से उतरकर जा पहुंचा उस गांव। वहां की विशिष्टता और लोगों की राजनैतिक समझ को जाना।

अलवर के चुनावी दौरे में अलवर के पूर्व राजघराने के प्रताप सिंह से अकस्मात मुलाकात हो गई। सफेद-कुर्ता पजामा एवं चप्पल पहने थे। परिचय जानकर उन्होंने जीप में बिठा लिया। गांवों में उनके भाषण देने तथा जनसम्पर्क का अंदाज देखा। मार्ग में एक युवक को जाते देख उसकी जाति का उन्होंने अनुमान लगाया जो सही निकला। लौटते समय रात्रि में विवेकानंद चौक पर उनकी सभा थी। उपस्थित लोग तल्लीनता से उन्हें सुन रहे थे।

मतदान के दिन हम जनसम्पर्क अधिकारी की जीप में सवार थे। यात्रा के दौरान स्थान-स्थान पर मतदान केन्द्र पर ठहर कर मतदान का प्रतिशत नोट करते जाते। लौटते वक्त लगभग चार बजने को थे। सुबह पहले वाले मतदान केन्द्र के आसपास भयावह सन्नाटा था। पता लगाया तो मालूम हुआ कि तिजारा के आसपास गोलियां चली हैं जिसमे आठ लोग मर गए हैं। यह खबर सुनते ही राजनैतिक दलों के लोग लोग वहां दौड़ पड़े हैं। मामले की छानबीन में साथी पत्रकार जुट गए। अचानक मेरे मन में ख्याल आया कि पहले मतदान केन्द्र में मतदान का प्रतिशत जान लिया जाए। मतदान प्रतिशत जानकर अत्यंत आश्चर्य हुआ। कुछ घंटों के भीतर इतना भारी मतदान कैसे संभव था। तब मतदान पत्र प्रक्रिया से मतदान होता था। अलवर जाकर पता चला कि गोली चलने की अफवाह थी।

अलबत्ता आपस में कहासुनी और मारपीट हो गई थी। कुछ अन्य मतदान केन्द्रों पर भी इस दौरान भारी मतदानहुआ था। तब कांग्रेस के हरिप्रसाद शर्मा, जनसंघ के सतीशचंद्र शर्मा, सीपीआई के रामानंद अग्रवाल मैदान में थे। राजनैतिक क्षेत्रों में यह चर्चा थी कि कांग्रेस व सीपीआई में समझौता हो गया और सीपीआई समर्थकों ने ऐसा माहौल बनाकर मतदान करवाया। क्या वह बोगस था- यह समझ से परे था। बहरहाल कांग्रेस प्रत्याशी जीता।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस विशेष

# अपमान मत कर तू नारी का...



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रत्येक वर्ष 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस (इंटरनेशनल डे ऑफ द गर्ल चाइल्ड) के रूप में मनाया जाता है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि बालिकाएं किसी भी समाज के कल्याण, विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। मिशेल ओबामा ने कहा है कि 'जब लड़कियां शिक्षित होती हैं, तो उनका देश अधिक मजबूत और समृद्ध होता है।' वास्तव में यह लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने एक आम सभा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा।

साल 2011 में 19 दिसंबर के दिन संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया। आज के इस समय में महिलाओं व लड़कियों के सशक्तीकरण के बावजूद उनसे जुड़े बहुत से मुद्दे हैं, जिन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत है। आज भी हमें यौन अपराध, महिलाओं, बच्चियों के खिलाफ हिंसा, अत्याचार, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसी अनेक समस्याएं देखने को मिलती हैं, यह दिन इन सभी मुद्दों पर ध्यान देने का दिन है, क्योंकि महिलाओं के विकास बिना कोई भी समाज कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता है। जानकारी देना चाहूंगा कि एनसीआरबी यानी कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार सिक्किम में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों की दर सबसे अधिक है। इसके बाद केरल, मेघालय, हरियाणा और मिज़ोरम का स्थान है। पश्चिम बंगाल और ओडिशा शीर्ष पांच राज्यों (महाराष्ट्र, एमपी और यूपी के साथ) में शामिल हैं, जो देश भर में बच्चों के खिलाफ किए गए कुल अपराधों का 47.1% है। वर्ष 2021 में अकेले पश्चिम बंगाल में बच्चों के खिलाफ अपराध के 9,523 मामले दर्ज किए गए। यह बहुत ही महत्वपूर्ण, गंभीर व संवेदनशील है कि भारत में कन्या भ्रूण हत्या की दर विश्व भर में कन्या भ्रूण हत्या की उच्चतम दरों में से एक है। वर्ष 2011 की जनगणना में 0-6 वर्ष की आयु वर्ग में सबसे कम लिंगानुपात (914) दर्ज किया गया है, जिसमें 3 मिलियन लापता लड़कियां शामिल थीं। इनकी संख्या वर्ष 2001 के 78.8 मिलियन की तुलना में वर्ष 2011 में 75.8 मिलियन हो गई। एक अन्य आंकड़े के अनुसार प्रत्येक वर्ष भारत में कम-से-कम 15 लाख लड़कियों की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में हो जाती है, जिसके चलते भारत में बाल वधुओं की संख्या विश्वभर में सबसे अधिक (वैश्विक रूप से कुल संख्या का एक-तिहाई) है।

आज भी हमारे समाज में महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं करने दी जाती है। पुरुष मानसिकता के कारण भेदभाव की शिकार होती हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के लिए असमान अवसर हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील है कि आज के इस आधुनिक युग में भी कहीं न कहीं भारत में लड़कियों को अपने घरों के अंदर और बाहर अपने समाज में कहीं न कहीं किसी न किसी रूप और स्तर पर अनेक प्रकार से भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यह भी गंभीर है कि भारत में पांच साल से कम उम्र की लड़कियों की मृत्यु दर लड़कों की तुलना में 8.3 फीसदी अधिक है। विश्व स्तर पर यह लड़कों के लिए 14% अधिक है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि सरकार द्वारा इस दिशा में कोई काम नहीं किए जा रहे हैं। सरकार महिलाओं, लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध और कृतसंकल्पित है। आज हमारे देश में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ ही अनेक प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं। आज बालिकाओं के कल्याण के लिए 'सुकन्या समृद्धि योजना', 'सीबीएसई उड़ान योजना', माध्यमिक शिक्षा के लिए लड़कियों को प्रोत्साहन देने हेतु राष्ट्रीय योजना चलाई जा रही है। यहां तक कि आज बालिकाओं के लिए मुफ्त या अनुदानित शिक्षा और कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में सीटों का आरक्षण तक दिया जा रहा है।

जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने महिला आरक्षण विधेयक 2023 (128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक) अथवा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर दिया। यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है। यह महिला सशक्तिकरण की ओर एक नायाब कदम कहा जा सकता है। हमारे देश में आज बाल संरक्षण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण किया गया है। कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए बहुत कुछ किया जा रहा है। कानून को कड़ा व सख्त बनाया गया है। महिलाओं के प्रति हिंसा, अत्याचार रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं। लड़कियों की शिक्षा पर लगातार बल दिया जा रहा है। सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अनेकानेक प्रयास किए जा रहे हैं। आज समाज में बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बहुत कुछ किया जा रहा है। उनके सेहतमंद जीवन, अच्छी शिक्षा और कॅरिअर के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकानेक प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। बहरहाल, यदि इस दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की हम यहां बात करें तो जानकारी देना चाहूंगा कि सबसे पहली बार वर्ष 1995 में बीजिंग डिक्लेरेशन एंड प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन ने लड़कियों के अधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए एक कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा था और वर्ष 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में घोषित करने हेतु संकल्प 66/170 को अपनाया गया था। जानकारी देना चाहूंगा कि 11 अक्तूबर 2012 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया था।

यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अन्य दिवसों की भांति ही इस दिवस को मनाने के लिए एक थीम रखी जाती है और पिछले वर्ष यानी कि वर्ष 2022 में इस दिवस की थीम 'अवर टाइम इज नाऊ, अवर राइट्स,अवर फ्यूचर' यानी कि 'हमारा समय अभी है, हमारे अधिकार, हमारा भविष्य' रखी गई थी। यहां यह भी जानना आवश्यक है कि हर साल 24 जनवरी का दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य भी लोगों में बालिकाओं/लड़कियों को असमानताओं और अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना है।

इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य भी लड़कियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। इसकी शुरुआत भारत सरकार की ओर से साल 2008 में की गई थी। बहरहाल, आज महिलाएं हरेक क्षेत्र में आगे आ रहीं हैं, महिला सशक्तीकरण की बातें हो रही हैं। लैंगिंक समानता पर लगातार बल दिया जा रहा है। महिला और पुरुष आज कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। दोनों सृष्टि के खूबसूरत पहलू हैं और आज के इस युग में दोनों का एक साथ आगे चलना, आगे बढ़ना बहुत ही जरूरी है, क्योंकि विकास के लक्ष्यों को तभी प्राप्त किया जा सकता है। इसमें कोई संदेह या दो राय नहीं कि महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को सुनिश्चित करके ही न्याय, समावेश, आर्थिक विकास एवं एक स्थायी वातावरण प्राप्त किया जा सकता है।

वास्तव में यह दिवस लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और लड़कियों के सशक्तीकरण एवं उनके मानवाधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करता है। अंत में किसी के शब्दों में बस यही कहूंगा कि ***'नारी से हम-तुम बने, इस सृष्टि में जीवन खिले, इस दुःख भरे संसार में, फिर प्यार की कलियां खिले। इतिहास को भी रच दिया, कुछ इस तरह के काम कर, जिसके कदम धरती ही न, आकाश में भी तुझको मिले।। अपमान मत कर तू नारियों का, जिनके वजह से तू चलता है,नारी ने तुझको जन्मा है, नारी की गोद में तू पलता है।।'***
***(ये लेखक के अपने विचार हैं)***

> *लड़कों की तुलना में लड़कियों के लिए असमान अवसर हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील है कि आज के इस आधुनिक युग में भी कहीं न कहीं भारत में लड़कियों को अपने घरों के अंदर और बाहर अपने समाज में कहीं न कहीं किसी न किसी रूप और स्तर पर अनेक प्रकार से भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यह भी गंभीर है कि भारत में पांच साल से कम उम्र की लड़कियों की मृत्यु दर लड़कों की तुलना में 8.3 फीसदी अधिक है। विश्व स्तर पर यह लड़कों के लिए 14% अधिक है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि सरकार द्वारा इस दिशा में कोई काम नहीं किए जा रहे हैं। सरकार महिलाओं, लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध और कृतसंकल्पित है।*




> ***हर साल 24 जनवरी का दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य भी लोगों में बालिकाओं/लड़कियों को असमानताओं और अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य भी लड़कियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। इसकी शुरुआत भारत सरकार की ओर से साल 2008 में की गई थी। बहरहाल, आज महिलाएं हरेक क्षेत्र में आगे आ रहीं हैं, महिला सशक्तिकरण की बातें हो रही हैं। लैंगिंक समानता पर लगातार बल दिया जा रहा है। महिला और पुरुष आज कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं।***

### व्यंग्य

# विकास के लिए



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

मोहल्ले के विकास में कोई दो राय नहीं है अब, क्योंकि चन्दे की रसीदें बड़ी द्रुतगति से काटी जा रही हैं। वे पांच लोग थे, जिन्हें देखकर सामान्य गृहस्थ थर-थर कांपने लगते थे। वे आते, खीसें निपोरते तथा गन्दे दांत दिखाकर कहते-'देखिए साहब, थोड़ी देर हमारे साथ भी चलिए-आखिर सामुदायिक विकास का मामला है। अब यह अकेले ही हमारा कार्य तो है नहीं।'

मैं और डर जाता तथा कहता-'भाई, मुझे तो बाजार जाना है। अब बताइए क्या प्रोग्राम है। मेरा मतलब कोई चंदे की बात हो तो मेरा पूरा योगदान है।' तब उनमें से एक आदमी रसीद बुक लेकर आगे बढ़ता और कहता है कि देखिए कल पौष बड़ों का कार्यक्रम है। भगवान का काम है- जो भी देना हो स्वेच्छा से दे दीजिए। मन में आता है कि स्वेच्छा से तो मैं फूटी कौड़ी भी नहीं देना चाहता। लेकिन मन मार कर कहता-'अब बताइए भी, और क्या दे रहे हैं?' 'देखिए, अभी तक इक्यावन से कम तो किसी ने दिए ही नहीं हैं। फिर आप तो पढ़े-लिखे हैं। समिति के समझदार तथा सक्रिय सदस्य हैं। अपने लोग ही नहीं समझेंगे इसके महत्त्व को तो और लोग भला क्या देंगे? फिर साहब इस बहाने कॉलोनी में एक कार्यक्रम हो जाता है तथा मिलना-जुलना हो जाता है।' उनमें से कोई एक आदमी यह रटा हुआ जुमला उगल देता।

मैं यही कह पाता-'सही फरमा रहे हैं आप। मोहल्ले का तथा कॉलोनी का विकास इसी तरह सभी के सहयोग से होता है। यह क्या कम है कि कोई कुछ नहीं कर पाता और आप पांच लगे रहते हैं विकास कार्यों में। आप ही है की देन है कि रोड लाइट्स तीस पर्सेन्ट जल रही है तथा सीवर लाइन भी ठीक-ठाक है। यह बात दीगर है कि कुछेक जगह सीवर से पानी बाहर आकर रोगों को खुला आमंत्रण दे रहा है, पर आप अकेले करो भी तो क्या-क्या? लीजिए यह इक्यावन, बच्चों की फीस बाद में जमा करवा दूंगा। पहले मोहल्ले का विकास। यदि विकास समिति नहीं होती न, तो सच कहता हूं कि हमारा पार्क भी कूड़ा घर बन जाता। यह आपका ही प्रयत्न है कि यहां आज मंदिर बनाने की सोच रहे हैं?'

वे एक दूसरे के चेहरे देखते और फिर मुझे देखते और मुझे रसीद पकड़ा कर चलते बनते। यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती, कल दीपावली पर अन्नकूट है तो एक दिन होली जलेगी तो किसी दिन मंदिर में किवाड़ लगेंगे।

इसके अलावा विकास समिति को मासिक विकास शुल्क अलग देना है। मंदिर समिति और विकास समिति, दोनों धाराएं अलग हैं, लेकिन एकता और अखंडता के लिए इसे मिला दिया गया है।

मेरे सामने समिति के उपाध्यक्ष रहते हैं, वे इन दिनों सबसे बड़े उदासीन हैं। उन्हें एक पद चाहिए था, वह मिल चुका है, अतः वह सदस्यों की हौसला अफजाई के अलावा कुछ नहीं कर पाते। चन्दा वे भी दे देते हैं, ताकि उनके उपाध्यक्ष को किसी प्रकार का खतरा उत्पन्न न हो। पूरी कॉलोनी विस्मित रहती है कि यह विकास कौन कर रहा है। सफाई का तो हाल यह है कि कई बार अहसास होता है कि हम पेरिस में तो नहीं रह रहे।

### X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
जातिगत जनगणना राजनीतिक फैसला नहीं, न्याय और हिस्सेदारी का फैसला है - गरीबों को शक्ति देने वाला फैसला है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
CSR के माध्यम से HPCL मित्तल फाउंडेशन के सहयोग से जोधपुर के 165 सरकारी स्कूलों में स्मार्टक्लास रूम बनाने के लिए 584 इंटरेक्टिव फ्लैट पैनल बोर्ड लगाए जाएंगे जिससे करीब 1 लाख विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** सांसद
@Ra_THORe
एशियन गेम्स में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन... एशियन गेम्स में भारत ने संकल्प लिया... इस बार 100 पार और देश के इस संकल्प को हमारे खिलाड़ियों ने अपने जज्बे, लगन और प्रदर्शन से सिद्ध कर हर भारतवासी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
आराम सभी गतिविधियों का आधार है। विश्राम में, आप स्वाभाविक रूप से दुनिया में अपनी क्षमता, कार्य और प्रभाव की ऊंचाइयों तक पहुंच जाएंगे।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
मजबूत मानसिक स्वास्थ्य का एक पहलू अत्यधिक सोचना बंद करना है। अत्यधिक सोचने और इस तरह अवांछित चिंता और भय का शिकार होने से रोकने का एक प्रभावी तरीका कुछ परिप्रेक्ष्य प्राप्त करना है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
कोई भी संबंध स्वयं की इच्छा से नहीं जुड़ता, आपको कब, कहाँ और किससे मिलना है, ये केवल ईश्वर तय करते हैं।

### नॉलेज कॉर्नर: महिलाओं के लिए बहुत उपयोगी है यह फल

# कैंसर को भी हराने में कारगर है करौंदा

हमारे आसपास ऐसे कई फल होते है जिनको हम हमेशा देखते है लेकिन उनके लाभकारी गुणों की जानकारी नहीं होने से उसे नजर अंदाज कर देते है। ऐसा ही एक फल है करौंदा। करौंदा ऐसा ही एक बेशकीमती फल है जो अमृत समान है। करौंदा इतना औषधीय गुणों से भरपूर है कि इससे कैंसर जैसी बीमारी को भी रोका जा सकता है। करोंदा एक झाड़ीनुमा पौधा होता है। इसका वैज्ञानिक नाम कैरिसा कैरेंडस हैं। यह पौधा भारत में छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हिमालय के क्षेत्रों में पाया जाता है। यह नेपाल और अफगानिस्तान में भी पाया जाता है। इस बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### क्या होता है करौंदे में

कच्चा करौंदा हरा-पीला होता है लेकिन जैसे ही यह पकता है बहुत सुंदर गोल मटोल लाल रंग का हो जाता है। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के मुताबिक करौंदा में प्रचुर मात्रा में आयरन, विटामिन सी और विटामिन बी पाया जाता है। वहीं इसमें इसमें फ्लेवोनॉल, एंटीऑक्सीडेंट, एंटी बैक्टीरियल, एंटी म्यूटेजन और एंटीकार्सिनोजेन, ग्लूकोरेग्यूलेशन, न्यूरोप्रोटेक्टिव और एंटी-वायरल



जैसे गुण होते हैं। करौंदा में विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन के, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, जिंक, प्रोटीन जैसे तत्व पाए जाते हैं।

### इन रोगों को करता दूर

करौंदा में एंटी कैंसर गुण पाए जाते हैं, जो कैंसर के खतरे की कम करने में मददगार साबित होते हैं। इसका समय समय पर सेवन करने से इस गंभीर रोग से बचा जा सकता है। एनीमिया के इलाज में करौंदा बेहद फायदेमंद होता है। इसलिए महिलाओं के लिए यह फल बहुत ही लाभकारी है। इसके अलावा छाती के दर्द में भी इस्तेमाल किया जाता है। इंडियन हॉर्टिकल्चर रिसर्च के मुताबिक करौंदा की पत्तियां बुखार में रामबाण साबित हो सकता है। वहीं करौंदा की जड़ से छाती के दर्द का इलाज किया जाता है। करौंदा शुरू-शुरू में खट्टा होता है लेकिन पकने पर यह खट्टा-मीठा हो जाता है।

### ऐसे करें उपयोग

*करौंदा से जैम, जैली, स्क्वायश, सिरप, चटनी, अचार आदि बनाया जाता है। वहीं इसका जूस भी बनाकर पिया जा सकता हैं। ज्यादातर लोगों के लिए करौदे का सीमित मात्रा में सेवन करना सुरक्षित है। अत्यधिक मात्रा में इसका सेवन करने से हाइपर-एसिडिटी की समस्या हो सकता है।*

*कंटेंट: श्रवण भाटी*






### छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर कसा तंज, कहा- हारे हुए लोगों पर लगा रही है दांव


# कांग्रेस का सभी सीटों पर पैनल तैयार, 17 MLA के कट सकते हैं टिकट

**एजेंसी** | रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा की दूसरी सूची जारी होने के साथ ही पार्टी पर सियासी हमले शुरू हो गए हैं।

भाजपा ने राज्य में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की जगह अपने सांसदों सहित कई दिग्गजों को मैदान में उतारा है। बड़े चेहरों की चर्चा सीएम पद के दावेदार के रूप में हो रही है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सूची पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा हारे हुए लोगों पर दांव लगा रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 2018 में विधानसभा चुनाव भूपेश बघेल के नेतृत्व में लड़ा थी, जिन्होंने भाजपा के तिलिस्म को तोड़ दिया था। 90 में से 68 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस बार भी राज्य में बघेल ही पार्टी का चेहरा बने हुए हैं।

राज्य में कांग्रेस उम्मीदवारों ने नामों को अंतिम रूप देने के लिए 13 अक्तूबर को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार स्क्रीनिंग कमेटी की कई दौर की बैठक पहले हो चुकी हैं। 90 में से 65 विधानसभा सीटों पर एक-एक नाम तय कर लिए गए हैं। 25 सीटों पर पैनल में दो या तीन नाम पर अभी निर्णय होना बाकी है। इसके अलावा वर्तमान के 17 विधायकों की खराब परफॉर्मेंस के कारण पार्टी टिकट कट सकती है।





### जल्द जारी होगी कांग्रेस की सूची

कांग्रेस की सूची जारी होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी की बैठक के बाद जल्द ही सूची जारी कर दी जाएगी। अब इसमें बहुत ज्यादा देर नहीं है। एक साथ 90 सीटों पर सूची जारी होने के सवाल पर कहा कि ये पार्टी हाईकमान पर निर्भर है। हालांकि भाजपा की अभी पांच सीटों पर सूची आनी बाकी है।

### भाजपा में अभी भी रमन सिंह की चल रही है

दूसरी ओर सीएम बघेल ने केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह व दो अन्य भाजपा सांसदों को टिकट दिए जाने पर कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री को दूसरे लोकसभा क्षेत्र से टिकट गया है। वह सरगुजा से सांसद हैं, लेकिन कोरबा से टिकट दिया गया। इसी तरह विष्णुदेव साय पत्थलगांव रहते हैं, तो उन्हें कुनकुरी से टिकट दिया गया। गोमती साय कुनकुरी रहती हैं तो उन्हें पत्थलगांव से टिकट दिया गया है। ओपी चौधरी खरसिया से पलायन कर गए। राजनांदगांव से पूर्व सीएम रमन सिंह को टिकट दिए जाने पर बघेल ने कहा कि अभी भी उनकी ही चल रही है। भले ही वो अरुण साव को बगल में बैठा लें पर चल उन्हीं की रही है। टिकट नहीं मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी पर कहा कि भाजपा अलोकतांत्रिक पार्टी है, उसमें कार्यकर्ताओं की बातें नहीं सुनी जाती है। उन पर केवल थोपे जाते हैं।

### भाजपा ने जानबूझकर लीक की थी सूची

इससे पहले भाजपा की वायरल सूची जो लेकर सीएम ने फिर से सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा जानबूझकर किया गया। यदि ऐसा नहीं होता तो कई जगहों पर ईडी की रेड पड़ चुकी होती। भाजपा की जो सूची जारी हुई है, उसमें अधिकतर वहीं नाम हैं, जो लीक हुए थे। ये सब भाजपा की रणनीति के तहत हुआ है। यह जानबूझकर लीक किया गया है। सोशल मीडिया में पोस्ट को लेकर कहा कि भाजपा अब निम्न स्तर पर उतर आई है। उनके ऑफिशियल पेज पर पोस्ट गलत ढंग से किए जा रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि बीजेपी अब अपने असली चेहरे पर आ गई है। अब उनका नकाब उतर चुका है। दो फेस में चुनाव कराए जाने पर कहा कि पहले भी दो चरण में चुनाव कराए गए थे।

### बसपा की दूसरी सूची जारी, 17 प्रत्याशी घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर छत्तीसगढ़ बहुजन समाज पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इसमें कुल 17 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इससे पहले बसपा ने पहली सूची में कुल 9 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की थी। सूची बसपा सुप्रीमो मायावती के आदेशानुसार जारी की गई है। पिछले विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी और बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। जिसमें जोगी कांग्रेस ने 5 सीटें और बसपा ने 2 सीटें जीती थी।

---

### पुडुचेरी की मंत्री चंद्रिरा प्रियंगा ने दिया इस्तीफा



**पुडुचेरी।** पुडुचेरी की परिवहन मंत्री चंद्रिरा प्रियंगा ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए मंगलवार को मंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा ऐसे समय आया है जब केंद्र शासित प्रदेश राजनीतिक अनिश्चितताओं और नेतृत्व परिवर्तन से जूझ रहा है। उनके इस्तीफे से राजनीतिक हलकों में पुडुचेरी में सरकार की स्थिरता को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है, क्योंकि सत्तारूढ़ दल के पास विधानसभा में अल्प बहुमत है। कैबिनेट या राजनीतिक पुनर्गठन में कोई भी संभावित फेरबदल केंद्र शासित प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा कि वह अब षड्यंत्रकारी राजनीति से नहीं लड़ सकतीं और उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से माफी मांगी।

### तिरुमाला पहुंची केसीआर की पत्नी मुंडन कराया

**तिरुमाला।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के कुछ ही घंटों के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पत्नी शोभा तिरुमला मंदिर पहुंची। यहां उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए और अर्चना सेवा में भाग लिया। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अधिकारियों ने केसीआर की पत्नी को भगवान वेंकटेश्वर का एक चित्र भेंट किया। इस दौरान वह 3 घंटे से ज्यादा मंदिर में रहीं। शोभा अगले दिन सुबह जल्दी ही मंदिर पहुंची और भगवान वेंकटेश को अपने बाल अर्पित किए।

### तेलंगाना में सभा: विपक्षी गठबंधन व बीआरएस सरकार पर प्रहार

# केसीआर सरकार का स्टीयरिंग है ओवैसी के पास: अमित शाह

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के एक दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को राज्य के दौरे पर पहुंचे और राज्य के आदिलाबाद 'जन गर्जना सभा' में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए राज्य की तेलंगाना सरकार और विपक्षी गठबंधन इंडिया पर कड़ा सियासी प्रहार किया।

उन्होंने लोगों से अपील की कि राज्य की केसीआर सरकार को बदलकर पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थन में भाजपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि बीआरएस पार्टी का चुनाव चिन्ह गाड़ी है और उसका स्टीयरिंग ओवैसी के पास है। हमें इसको बचाना है।

शाह ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की सरकार 10 साल तक चली, लेकिन मुख्यमंत्री केसीआर ने गरीब, किसान, दलित, आदिवासी का काम नहीं किया।



मुख्यमंत्री केसीआर का एक ही लक्ष्य है, अपने बेटे केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना और हमारा लक्ष्य है आदिलाबाद के हर आदिवासी नौजवान को नौकरी, शिक्षा दिलाना। दूसरी ओर कांग्रेस ने आज तक सिर्फ गरीबी की बात की, लेकिन गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। पीएम मोदी के 9 साल के शासन में हमारा कोई विरोधी भी हम पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने तेलंगाना चुनाव की तारीखों की घोषणा की। क्या आप राज्य में फिर केसीआर की सरकार लाना चाहते हैं? क्या आप पीएम मोदी के नेतृत्व में 'कमल सरकार' लाना चाहते हैं? आपका जवाब कहता है कि 3 दिसंबर को यहां भाजपाकी सरकार बनने जा रही है।

शाह ने कहा, केसीआर बोलते हैं कि हमने तेलंगाना को नंबर एक बना दिया है। हम बोलते हैं हां, आपने तेलंगाना को भ्रष्टाचार और किसानों की आत्महत्या में नंबर एक बना दिया है।

### अनुच्छेद 370 हटाने का किया था विरोध

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा किअनुच्छेद 370 के हटने से अब कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया है। कांग्रेस की सरकार ने राम मंदिर का भी विरोध किया, लेकिन पीएम मोदी ने राम मंदिर का शिलान्यास भी किया। देश की रक्षा न तो कांग्रेस कर सकती है और न ही केसीआर कर सकते हैं। इंडी गठबंधन वाली सभी पार्टियां और केसीआर भी कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध कर रहे थे। अमित शाह ने दावा किया कि भाजपा ही देश की रक्षा कर सकती है। तेलंगाना को आज के रजाकारों से केवल भाजपा ही बचा सकती है। यहां की भूमि के बहादुर लोग अंग्रेजों के खिलाफ भी लड़े हैं और रजाकारों के खिलाफ भी लड़े हैं।

### केसीआर ने परिवार के लिए काम किया

गृह मंत्री ने कहा, पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण दिया। केसीआर ने अपने दस सालों में केवल अपने परिवार के लिए काम किया। अब समय आ गया है कि तेलंगाना को डबल इंजन की सरकार चाहिए। तेलंगाना की केसीआर सरकार परिवारवाद की सरकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है।

### हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने का वादा

गृह मंत्री ने कहा, मैं आपसे वादा करता हूं कि अगर भाजपा सरकार बनाती है तो राज्य के सभी जिले 17 सितंबर को हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाएंगे। देश आजाद हुए 75 साल हो गए, लेकिन आज तक कोई भी आदिवासी समाज का व्यक्ति प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति नहीं बना था, लेकिन भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया।

### दिल्ली शराब नीति मामला

# आप सांसद संजय सिंह का रिमांड 13 तक बढ़ाया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति मामले में प्रर्वतन निदेशालय की ओर से गिरफ्तार किए गए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रिमांड 3 दिन बढ़ा दी गई है। ईडी ने संजय सिंह को मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी ने संजय सिंह की 5 दिनों की रिमांड और मांगी। हालांकि, कोर्ट ने 3 दिन की रिमांड बढ़ाई है। संजय सिंह को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।

रिमांड बढ़ाने की मांग करते हुए ईडी ने कहा कि संजय सिंह सवालों का ठीक से जवाब नहीं दे रहे हैं। ईडी की ओर से पेश हुए वकील ने कोर्ट को बताया कि संजय सिंह हिरासत में सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे है और जांच में सहयोग नहीं कर रहे। उनसे फोन के डेटा के बारे में पूछा गया तो उसका भी उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।



### संजय ने कोर्ट को बताई अपनी आशंका

सुनवाई के दौरान संजय सिंह ने कहा कि मुझसे रात के साढ़े दस बजे कहा गया कि आपको बाहर ले जाया जा रहा है। पूछने पर बताया कि तुगलक रोड थाने ले जा रहे हैं। मैंने फिर सवाल किया कि क्या जज की इजाजत ली है। मेरे अड़ने पर उन्होंने कहा कि मुझे लिखकर दीजिए। मैंने लिखकर दिया। दूसरे दिन भी यही हुआ. इसका मतलब है कि इनका दूसरा एजेंडा है। सिंह ने कहा कि अब जज साहब इनसे पूछिए, किस ऊपर वाले के कहने पर मुझे ऊपर भेजने की तैयारी थी, ये इनसे पूछिए। इस दौरान सिंह को उनके परिवार से और वकील से 10 मिनट मिलने की इजाजत कोर्ट ने दी।

### भाजपा पर कमलनाथ का कटाक्ष

# मंत्री-विधायक समेट रहे सामान

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा पितृपक्ष की अवधि के बाद करेगी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में भाजपा पर तंज कसते हुए कहा, सुनने में आया है कि भाजपा के मंत्रियों और विधायकों के सरकारी आवासों की दीवारों से तस्वीरें उतरना शुरू हो गई हैं और उन्होंने निकासी के लिए पहले से ही प्रबंध करने शुरू कर दिए हैं।



उल्लेखनीय है कि भाजपा ने सोमवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की थी। जबकि कांग्रेस ने अभी तक प्रदेश में किसी भी सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

### सिंधिया को शिवपुरी से टिकट संभव

इससे पहले भाजपा ने मध्य प्रदेश में अपने उम्मीदवारों की चार सूची जारी कर चुकी है। पार्टी ने कुल मिलाकर अभी तक कुल 133 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान नहीं किया है। हालांकि इन सूचियों केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को टिकट नहीं मिला है। ऐसा माना जा रहा है कि सिंधिया खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की सीट शिवपुरी से टिकट मिल सकता है।

### महाराष्ट्र: बेटी के जन्म पर मिलेंगे 5000 रुपए


**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र सरकार ने बच्चियों के जन्म और शिक्षा में आर्थिक सहायता देने को लेकर अहम फैसला किया है। सीएम एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक की जिसमें लड़कियों की, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में सहायता राशि देने का फैसला किया गया है। इसके तहत बच्चियों के जन्म पर माता-पिता को 5000 रुपए की सहायता राशि दी जाएगी, जबकि पहली कक्षा में जाने पर 6000 रुपए दिए जाएंगे।

### प्रत्याशियों की सूची में नाम आने के बाद किए गंगा के दर्शन

# आशीर्वाद लेने ऋषिकेश पहुंचे शिवराज

**एजेंसी** | भोपाल

विधानसभा चुनाव के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उत्तराखंड के ऋषिकेश की यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर ट्वीट कर अपनी इस यात्रा की जानकारी दी। चौहान बुधवार तक हरिद्वार और ऋषिकेश में रहेंगे। इस दौरान वह कई लोगों से मिलेंगे। जानकारी के अनुसार, बुधनी विधानसभा से टिकट घोषित होने के बाद ही मुख्यमंत्री चौहान हरिद्वार और ऋषिकेश की यात्रा पर चले गए। वे दो दिन बाद भोपाल लौटेंगे। वे जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पर उत्तराखंड में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने उनका स्वागत किया।



दरअसल, मध्य प्रदेश में सोमवार को चुनाव की तिथि की घोषणा के साथ ही नौ अक्टूबर से आचार संहिता लग गई है। आचार संहिता लगने के बाद सीधी में उनका आखिरी कार्यक्रम था। अब सीएम सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने ट्वीट किया कि मां गंगा भारतीय संस्कृति का पुण्य प्रवाह; यही संस्कृति भौतिकता की अग्नि में दग्ध विश्व मानवता को शाश्वत शांति के पथ का दिग्दर्शन कराएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि वे हर बार चुनाव प्रचार आरंभ करने से पहले देवभूमि आ कर मां गंगा और साधु संतों का आशीर्वाद लेते हैं। अपनी और पार्टी की जीत के लिए आशीर्वाद लेने आए हैं।

### मध्य प्रदेश की चुनावी डायरी

# राहुल ने महाकौशल- विंध्य की 68 सीटों को साधा, निशाने पर रही भाजपा

**एजेंसी** | शहडोल

मध्य प्रदेश के लिए चुनाव तिथियों की घोषणा और भाजपा द्वारा अभी तक 136 प्रत्याशियों की सूची जारी करने के बाद राज्य में सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को राज्य के शहडोल जिले के दौरे पर आए। वहां उन्होंने जन आक्रोश सभा को संबोधित किया। राहुल का शहडोल दौरा विधानसभा चुनावों को लेकर बहुत ही अहम माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार शहडोल संभाग महाकौशल के अंतर्गत आता है। महाकौलश क्षेत्र में कुल 38 सीटें आती हैं। कांग्रेस ने साल 2018 के विधानसभा चुनाव में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 24 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा को 13 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे माहौल में भी शहडोल जिले की तीनों ब्योहारी, जैतपुर, जयसिंहनगर विधानसभा में भाजपा का कमल ही खिला था। यही कारण है कि राहुल गांधी ने शहडोल में सभा करके पूरे महाकौशल क्षेत्र को साधने के साथ ही विंध्य की 30 सीटों तक अपनी आवाज पहुंचाई।



राहुल गांधी ने अपनी सभा में भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाषण की शुरुआत में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की किताब का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें लिखा हुआ है कि आरएसएस की लैब गुजरात में नहीं, मध्य प्रदेश में है। उन्होंने महाकाल लोक में घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि यहां भगवान से चोरी की जाती है। स्कूल यूनिफॉर्म में चोरी की जाती है। व्यापम में युवाओं के साथ छल किया गया।

भाजपा पर निशना साधते हुए कहा कि भाजपा के नेता आदिवासियों के ऊपर पेशाब करते हैं। उन्होंने आदिवासी और वनवासी शब्द के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए बताया कि हम कांग्रेसी अपने संबोधन में आपको आदिवासी संबोधित करते हैं। इसका अर्थ होता है कि आप सबसे पहले आए। इस देश की जल-जगंल-जमीन पर आपका हक है, लेकिन वनवासी शब्द का अर्थ है कि आपका जमीन पर कोई हक नहीं बनता।

### शिवराज सरकार को घेरा

भाजपा पर तंज कसते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा की लेबोरेटरी में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है और उनका पैसा चोरी कर लिया जाता है। देश के किसी भी प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं किया जाता, लेकिन मध्यप्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि व्यापमं में एक करोड़ युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जाता है। पटवारी बनने के लिए 15 लाख की रिश्वत ली जाती है। बीजेपी की लैबोरेटरी में हर रोज तीन किसान आत्महत्या कर रहे हैं। महिलाओं से दुष्कर्म हो रहे हैं।

### आदिवासियों को उनका हक दिलाएंगे

राहुल गांधी ने कांग्रेस शासित राज्यों का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़, कर्नाटक, राजस्थान की सरकार ने जातिगत जनगणना काम शुरू कर दिया है। एमपी में सरकार आते ही हम पहला काम जाति जनगणना का करेंगे। हम आदिवासी वर्ग को हिन्दुस्तान की हिस्सेदारी देना चाहते हैं। पहला कदम जाति जनगणना है। मैंने कमलनाथ, सुरजेवाला जी से कहा कि वायदे वो ही करने हैं जो पूरे हो सके, हम मध्यप्रदेश की जनता से मोहब्बत करते हैं हम झूठे वादे नहीं करेंगे।

### फिर दोहराया जाति जनगणना कराने का वादा

राहुल गांधी ने शहडोल में एक बार फिर जाति जनगणना कराने का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा कि हिन्दुस्तान की सरकार को 90 अफसर चलाते हैं। केंद्र सरकार का कोई भी निर्णय हो छोटे से छोटा, बड़े से बड़ा, मनरेगा कैसे काम करेगी। ये सारे निर्णय अंत में ये 90 अफसर साइन कर के निर्णय लेते हैं। 90 अफसरों में से तीन अफसर ओबीसी वर्ग के हैं। ये जो पूरा बजट है इसमें से सिर्फ पांच परसेंट बजट ओबीसी अफसर तय करते हैं। अगर सरकार 100 रुपए खर्च करती है तो ओबीसी अफसर पांच रुपए का निर्णय लेते हैं। तो बताइए आदिवासी कितने रुपए का निर्णय लेते हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी, एससी, एसटी को कितना हक मिलना चाहिए, इसलिए हमने जाति जनगणना की बात की है और हम करवा के दिखाएंगे। राहुल ने कहा कि हम आपसे झूठ बोलने नहीं आए हैं। जाति जनगणना कराएंगे। भाजपा नहीं कराएगी तो हम दबाव डालेंगे। हम कराएंगे।

## जरूरी खबर

### चुनावी बॉन्ड की वैधता मामले में सुनवाई 31 को

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पार्टियों की राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के लिए मंगलवार को 31 अक्टूबर की तारीख तय की। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर ध्यान दिया कि 2024 के आम चुनावों के लिए चुनावी बांड योजना शुरू होने से पहले मामले पर फैसले की जरूरत है। पीठ ने कहा, चुनावी बांड योजना पर कुछ प्रारंभिक प्रस्तुतियां सुनने के बाद, पीठ ने 31 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई के लिए चार याचिकाएं रखीं और कहा कि यदि कार्यवाही आगे बढ़ती है तो वह 1 नवंबर को उन पर सुनवाई जारी रख सकते हैं।

### 'आप' विधायक अमानतुल्लाह के परिसरों पर छापे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। खान (49) दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन से जुड़े एक मामले की जांच की जा रही है।

### सुरक्षाबलों ने लश्कर के दो आतंकी किए ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां के अलशिपोरा में एक मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। पास के जगलों में और आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। इसके चलते तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सेना और पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन के दौरान इन आतंकियों को मार गिरया। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ सोमवार देर रात को शुरू हुई थी. इससे पहले 4 अक्टूबर को भी सुरक्षबलों ने दो आतंकियों को ढेर किया था। ये आतंकवादी कुलगाम के ही रहने वाले थे। मुठभेड़ में मारे गए दोनों आतंकियों की पहचान भी कर ली गई है।

## पदकवीरों से मिले पीएम: पराक्रम और पुरुषार्थ को सराहा









### खिलाड़ियों को बधाई, देशवासियों की ओर से स्वागत

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में शामिल हुए भारतीय खिलाड़ियों से नई दिल्ली में मुलाकात की और सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप सभी खिलाड़ियों ने जो पराक्रम दिखाया है, जो पुरुषार्थ किया है, जो परिणाम दिया है, उसके कारण देश के हर कोने में एक उत्सव का माहौल है। 100 पदकों का आंकड़ा पार करने के लिए आपने दिन-रात एक कर दिया। मैं आप सभी का 140 करोड़ भारतीयों की ओर से स्वागत करता हूं।*

### महिला एथलीटों के प्रदर्शन की सराहना

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 'नारी शक्ति' ने भारतीय महिलाओं की क्षमताओं को प्रदर्शित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। जीते गए कुल पदकों में से आधे से ज्यादा पदक हमारी महिला एथलीटों के हैं। यही नए भारत की भावना है। मैं देश की ओर से सभी खिलाड़ियों के कोच और ट्रेनर्स को भी धन्यवाद देता हूं। आप सभी ने आने वाली पीढ़ियों के एथलीटों के लिए रास्ता तैयार किया है। एशियाई खेलों में प्रदर्शन से ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।*

### अंतिम विजय तक प्रयास नहीं छोड़ता नया भारत

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नया भारत अंतिम परिणाम तक, अंतिम विजय की घोषणा होने तक अपना प्रयास छोड़ता नहीं है। नया भारत अपना सर्वश्रेष्ठ देने की, सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करता है। हमारा प्रयास है कि भारत के खिलाड़ियों को दुनिया की बेहतरीन सुविधाएं मिलें। भारत के खिलाड़ियों को देश-विदेश में खेलने के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलें। गांव-देहात में रहने वाली खेल प्रतिभाओं को भी ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले।*

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इटली व फ्रांस के दौरे पर

# भारत-इटली के बीच रक्षा सहयोग होगा और मजबूत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को रोम में इटली के रक्षा मंत्री ग्वीदो क्रोसेत्तो के साथ बातचीत और रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। सुरक्षा, अनुसंधान एवं विकास, सह-विकास, सह-उत्पादन और संयुक्त उद्यमों की स्थापना सहित रक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। सिंह ने इटली की रक्षा कंपनियों के साथ भारतीय स्टार्ट-अप का सहयोग बढ़ाने का सुझाव दिया।

इटली के रक्षा मंत्री साथ हुई बैठक को राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए एक पोस्ट में लिखा कि रोम में इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो के साथ गर्मजोशी भरी और सार्थक बैठक हुई। हमने रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों पर



*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रोम में इटली की रक्षा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ मुलाकात करते हुए।*

चर्चा की जिसमें प्रशिक्षण, सूचना साझा करना और समुद्री सुरक्षा शामिल है। भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग पर एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। सूत्रों के अनुसार दोनों मंत्रियों ने रक्षा क्षेत्र में भारत और इटली की पूरक क्षमताओं और संयुक्त विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक के बाद रक्षा क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण, सूचना के आदान-प्रदान, समुद्री अभ्यास और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। मार्च 2023 में इटली के प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी की भारत यात्रा के दौरान भारत और इटली के बीच संबंध रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ गए थे।

### इटली से फ्रांस जाएंगे राजनाथ

अपनी यात्रा के दूसरे चरण में सिंह इस सप्ताह पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता करेंगे। फ्रांस की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत उस देश से समुद्री लड़ाकू जेट सहित कुछ प्रमुख सैन्य अधिग्रहण कर रहा है। पेरिस में रक्षा सहयोग के रोडमैप की घोषणा होने की संभावना है। भारत और फ्रांस ने हाल ही में अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया।

## मणिपुर सरकार ने जारी किया आदेश

# खाली पड़े घरों पर कब्जे की कोशिश, सरकार ने दी चेतावनी

**एजेंसी** | इम्फाल

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में पांच महीनों से चली आ रही हिंसा के कारण बहुत से लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं। इस बीच,ऐसी खबरें आईं कि खाली पड़े इन घरों में लूटपाट हो रही है इसे देखते हुए राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कहा है कि हिंसा के कारण भागे लोगों की संपत्तियों पर अतिक्रमण न करें। इससे राज्य में कानून व्यवस्था खराब हो सकती है।

राज्य सरकार के गृह विभाग ने अपने बयान में सुप्रीम कोर्ट के 25 सितंबर के आदेश का हवाला दिया है और कहा है कि दूसरों की संपत्ति को हड़पने या उन्हें नुकसान पहुंचाने वाले को कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने 25 सितंबर को मणिपुर सरकार को हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों की संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।



फाइल फोटो

### मोरेह शहर में कर्फ्यू में ढील रद्द

इस बीच, मणिपुर में तेंगनौपाल जिला प्राधिकारियों ने भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित मोरेह शहर में दैनिक कर्फ्यू में ढील रद्द कर दी है। तेंगनौपाल के जिला मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार ने सोमवार को कहा कि कर्फ्यू में आम लोगों को दवाओं और खाद्य सामग्री समेत आवश्यक सामान खरीदने के लिए सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक ढील दी गई थी, जिसे अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि लोगों के एकत्रित होने की आशंका है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सोमवार को भीड़ का एक बड़ा समूह कुकी बहुल शहर में इकट्ठा हुआ। इस समूह ने बाजार के एक हिस्से को साफ करना शुरू कर दिया था जिसका पहले मेइती समुदाय इस्तेमाल करता था ताकि उसका उपयोग किया जा सके। इसके बाद सुरक्षा बलों ने हस्तक्षेप किया जिससे तनाव पैदा हो गया था।

## अपमानजनक टिप्पणी का मामला

# समिति के सामने नहीं पेश हुए बिधूड़ी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को संसद की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश नहीं हुए। बिधूड़ी ने कहा कि वो कुछ अन्य कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। सूत्रों के अनुसार बिधूड़ी 23 नवंबर को होने वाले राजस्थान



विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करने में जुटे हैं। भाजपा ने गुर्जर समुदाय से आने वाले बिधूड़ी को राजस्थान के टोंक जिले का प्रभारी बनाया है। भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली विशेषाधिकार समिति पूरे मामले में अपनी अगली बैठक के बारे में जल्द फैसला करेगी। समिति से बिधूड़ी ने कहा, उन्हें टोंक जिले में 11 अक्टूबर तक रहना है. वो इस कारण यहां पर ही है।

### चीन सीमा को जोड़ने वाले लिपूलेख मार्ग का लोकार्पण कल

**पिथौरागढ़/नैनीताल।** उत्तराखंड के दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 अक्टूबर को चीन सीमा को जोड़ने वाले तवाघाट-लिपूलेख मार्ग का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पिथौरागढ़ पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

## वैज्ञानिकों का सम्मान

*विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली में चंद्रयान-3 के परियोजना निदेशक डॉ. वीरमुथुवेल, एसोसिएट परियोजना निदेशक के कल्पना, चंद्रयान-3 व आदित्य एल1 के मिशन निदेशक श्रीकांत व परियोजना निदेशक निगार शाजी को सम्मानित किया।*



## इजराइल-फिलिस्तीन को पीएम मोदी से उम्मीद

# शांति स्थापना में भारत निभा सकता है महत्वपूर्ण भूमिका, पहल करे

- मोदी मध्यस्थता करें तो स्वागत है: इजराइल के पूर्व खुफिया प्रमुख
- भारत संकट टालने का करे प्रयास: फिलिस्तीनी राजदूत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इजराइल में हमास के हमले और उसके बाद इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बीच इजरायल और फिलस्तीन के लोग भारत की ओर भी उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि भारत दोनों पक्षों के बीच शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, इजराइल की सैन्य खुफिया के पूर्व प्रमुख सेवानिवृत्त मेजर जनरल अमोस याडलिन ने कहा है कि उनका देश शांति के लिए मध्यस्थता के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसी भी प्रयास का



स्वागत करेगा।। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि इस मुश्किल घड़ी में भारत के लोग उनके देश के साथ दृढ़ता से खड़े हैं। मेजर जनरल अमोस याडलिन ने कहा कि हमास किसी भी तरह की बातचीत...किसी भी शांति के लिए तैयार नहीं है। अगर पीएम मोदी यह चमत्कार कर सकते हैं तो हम उनकी उंगली पकड़ लेंगे। उन्होंने कहा, इजराइल और भारत के संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये दो ऐसे राष्ट्र हैं जो एक ही समय में आजाद हुए हैं... समान परंपराएं हैं। हम दो ऐसे राष्ट्र हैं जिनकी सीमा पर दुश्मन हैं... आपके पास पाकिस्तान, चीन है, और हमारे पास गाजा, हिजबुल्लाह, ईरान और सीरिया के आतंकवादी हैं।

### भारत इजराइल पर दबाव बनाए: फिलिस्तीन

इस बीच, भारत में फिलिस्तीनी राजदूत अदनान अबु अलहैजा ने भारत से संकट को कम करने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की है। अलहैजा ने मंगलवार को कहा, फिलिस्तीन मुद्दे के साथ भारत की एकजुटता महात्मा गांधी के समय से चली आ रही है। भारत अपने बढ़ते वैश्विक कद और पश्चिम एशिया के सभी प्रमुख पक्षों पर प्रभाव से वह इजराइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न संकट को कम करने में अपने भूमिका निभा सकता है। इसके लिए भारत फिलहाल अच्छी स्थिति में है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अलहैजा ने कहा कि भारत इजराइल और फिलिस्तीन दोनों का मित्र हैं और वह तनाव कम करने की दिशा में काम करने और फिलिस्तीन मुद्दे के समाधान में योगदान देने में सक्षम है। भारत यूरोपीय देशों, अमेरिका, पश्चिम एशिया के देशों से संपर्क कर सकता है। वह शांति की दिशा में काम करने के लिए इजराइल पर दबाव बना सकता है, जिससे इजराइल अब तक इनकार करता रहा है। भारत दोनों (फिलिस्तीन और इजराइल) का मित्र है।

**भारत इस मामले में कर सकता है नेतृत्व: राजदूत**

रायह पूछे जाने पर कि क्या वह इस बात की पैरवी कर रहे हैं कि भारत मध्यस्थ की भूमिका निभाए, उन्होंने जवाब में कहा कि मुझे ऐसी उम्मीद है। यह पूछा गया कि क्या उन्होंने इस बारे में भारत सरकार के संबंधित लोगों या विदेश मंत्रालय को बताया है? अलहैजा ने कहा कि उन्होंने लगभग 2 साल पहले इसके लिए कहा था। वर्षों से भारत यह कहता रहा है कि फिलिस्तीन के प्रश्न पर उसकी स्थिति स्पष्ट और सुसंगत रही है। वह दो-राज्य समाधान प्राप्त करने के लिए इजरायल और फिलिस्तीनियों के बीच सीधी बातचीत फिर से शुरू करने के सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### इजराइल में 7000 भारतीय फंसे!

इजरायल-हमास युद्ध में फंसे भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के मामले पर प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर विदेश मंत्रालय तक सीधी नजर बनाए हुए है। इस बीच केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से पत्र लिखकर भारतीयों, जिनमें केरल के निवासी भी हैं, की सुरक्षा को लेकर हस्तक्षेप करने की मांग की। विजयन ने



अपने पत्र में विदेश मंत्री को लिखा है, इजरायल में फंसे भारतीयों में 7,000 लोगों की एक अच्छी संख्या वाली टीम केरल राज्य से है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि हरसंभव तरीके से इजरायल में हमारे नागरिकों की सुरक्षा को लेकर हस्तक्षेप करें।

## ट्रिब्यूट: आरआईसी में सजी जगजीत सिंह की गजलों की शाम

# होश वालों को खबर क्या बेखुदी...

**बेधड़क.जयपुर।** 'झुकी-झुकी सी नजर बेकरार है के नहीं..., होश वालों को खबर क्या, बेखूदी क्या चीज है...' जब राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में गूंजी तो हर कला प्रेमी जगजीत सिंह की याद में खो गया। रूमानी माहौल में फिर से वही ओरा याद आ गया, जब गजल सम्राट जगजीत सिंह गाया करते थे। ये अनूठा मौका था जगजीत सिंह की 12वीं पुण्य तिथि पर आयोजित 'ट्रिब्यूट टू जगजीत सिंह' गजल संध्या का। सृजन दी स्पार्क संस्था के बैनर पर आयोजित हुई संध्या में जगजीत सिंह की गाई एकल और उनकी हमसफर चित्रा सिंह के साथ गाई युगल गजलों को प्रदेश के कई जाने-माने गायकों के साथ डॉक्टर्स और जगजीत सिंह पर पीएचडी करने वाले सिंगर्स ने गाया। संजीव जैन, डॉ. देवेन्द्र सिंह हिरन, डॉ. जितेन्द्र सिंह मक्कड़, किशोर सरावगी, निकिता बंसल, सोनिया बिरला और डॉ. वर्षा तनु ने अपनी आवाज से फिर से गजल सम्राट को जीवंत कर दिया। संध्या का म्यूजिक अरेंजमेंट टीम संजय माथुर और रवि टिलवानी ने किया।





### ऐसे चला दिलकश गजलों का कारवां

संध्या की शुरुआत संजीव जैन ने कैफी आजमी की लिखी और जगजीत सिंह की स्वरबद्ध की गई चर्चित गजल 'झुकी-झुकी सी नजर बेकरार है के नहीं' से की। इसके बाद किशोर सरावगी ने निदा फाजली की गजल पेश की तो इबने इंशा की लिखी गजल 'की चौदहवीं की रात थी' पेश कर माहौल को रूमानी कर दिया। जगजीत सिंह के कृतित्व और व्यक्त्वि पर पीएचडी करने वाले उदयपुर के डॉ. देवेन्द्र सिंह हिरन मंच पर आए और उन्होंने जैसे ही शाहिद कबीर के लिखे कलाम 'मैं नशे में हूं' सुनाया तो उपस्थिति हर श्रोता इस गजल के भावों के सुरूर में झूमता नजर आया। देवेन्द्र सिंह ने इस मौके पर अमीर मिनाई का कलाम 'सरकती जाय है रुख से नकाब आहिस्ता आहिस्ता' को रूमानी अंदाज में पेश कर संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। प्रदेश में दिल के इलाज के लिए मशहूर डॉ. जितेन्द्र सिंह मक्कड़ ने अपने पेशे से जुड़े भावों सराबोर शायर जमीर काजमी के लिखे गीत 'बड़ी नाजुक है ये मंजिल, मोहब्बत सफर है धड़क आहिस्ता से ऐ दिल'को उसी मखमली अंदाज़ में सुनाकर वाहवाही लूटी।

### चित्रा सिंह की यादें भी हुई ताजा

दूसरी ओर युगल गजले सुनाकर जगजीत सिंह के समान ही उनकी हमनवा चित्रा सिंह की याद भी ताजा कर दी। निकिता बंसल और संजीव जैन ने सुदर्शन फाकिर की गजल 'ये दौलत भी ले लो ये शौहरत भी ले लो, किशोर सरावगी और डॉ. वर्षा तनु ने शाहिद कबीर के कलाम 'गम का खजाना' तथा किशोर सरावगी और सोनिया बिड़ला ने कतील शिफाई का कलाम 'किया है प्यार जैसे'को रूमानी अंदाज में पेश कर इस गजल संध्या को उसके सफलतम मुकाम पर पहुंचाकर श्रोताओं का दिल जीत लिया।



## डांडिया में हजारों महिलाएं देंगी स्वच्छ भारत का संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** अग्रवाल वुमन ऑर्गेनाइजेशन की ओर से 12-13 अक्टूबर को डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ऑर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष रीमा गर्ग व महामंत्री अनिता पोद्दार ने बताया कि अग्रवाल वुमन आर्गेनाइजेशन की ओर से यह 13वां आयोजन है। कार्यक्रम ईस्ट लॉन जवाहर सर्किल (ईपी) में होने वाले आयोजन का पोस्टर लॉन्च किया गया। मुख्य अतिथि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की ब्रांड एंबेसेडर व सांसद दीया कुमारी, पूर्वमंत्री अरुण चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री कालीचरण सर्राफ, पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता, विधायक अशोक लाहोटी, विधायक सतीश पूनिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रेखा गर्ग सुरेखा अग्रवाल मीनू अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनीता बंसल, अंजू गुप्ता, मनीषा सहरिया ने बताया कि महोत्सव में बेस्ट ड्रेस, ब्यूटीफुल फेस, ब्यूटीफुल कपल, बेस्ट डांस, बेस्ट परफोर्मेंस, बेस्ट हूटिंग अवॉर्ड दिए जाएंगे। कोषाध्यक्ष किरण अग्रवाल ने बताया कि वुमन ऑर्गेनाइजेशन की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत डांडिया महोत्सव मे भाग लेने वाले को स्वच्छता का संकल्प दिलाया जाएगा।

## देशनोक के लिए पदयात्रा रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीकरणी माता देशनोक के लिए 37वीं पदयात्रा रवाना हुई। श्रीकरणी पदयात्रा सेवासंघ की और से आयोजित पदयात्रा में माताजी के भजनों का गुणगान किया गया। यात्रा संरक्षक डॉ. गुलाब सिंह व अध्यक्ष अम्बादान सिंह ने बताया कि 400 किलोमीटर की यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। यात्रा 11 दिन में देशनोक पहुंचेगी।

## यादव की याद में एकता दिवस



**बेधड़क. जयपुर।** स्वर्गीय महेंद्र यादव की 13वीं पुण्यतिथि पर समाचार पत्र वितरक महासंघ जयपुर की ओर से नर्वदेश्वर महादेव मंदिर अल्बर्ट हॉल के पीछे वितरक एकता दिवस मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और आरती की गई। पुष्पांजलि अर्पित कर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में महासंघ संगठन मंत्री व पूर्व चेयरमैन नगर निगम जयपुर अजय यादव, कोषाध्यक्ष हनुमान सैनी, कन्हैया लाल यादव, सावत सिंह राठौड़, घनश्याम यादव, अनिल यादव, एडवोकेट ओम प्रकाश यादव, राजेश यादव, टीकम यादव, संजय यादव, बीएल मीणा, महेंद्र यादव, पवन यादव, कैलाश मीणा, महेंद्र जैन, सुंदर सिंधी, किशन तनेजा, दिनेश सैनी, मनोज कुमार, गोविंद गुर्जर, महेश यादव, हेमंत सिंह, सतनारायण शर्मा, भवानी झा, रमेश अजमेरा, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## गिप्पी ग्रेवाल ने किया प्रमोशन



**बेधड़क. जयपुर।** पंजाबी फिल्म 'मौजां ही मौजां' कॉमेडी है, जो तीन दिव्यांग दोस्तों की कहानी पर बनाई गई है। फिल्म में डेफ, डम्ब व ब्लाइंड तीन किरदार हैं। ये आपस में भाई हैं और अपनी बहन की शादी को लेकर परेशान हैं। यह कहना था पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के गायक व अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल का, जो जयपुर के मिराज सिनेमा में फिल्म क प्रमोशन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में कॉमेडी, दमदार अभिनय व मेलोडी से भरा संगीत देखने-सुनने को मिलेगा।

# City इवेंट्स

## शिक्षकों ने भेंट किया साउंड सिस्टम



**बेधड़क. जयपुर।** सांगानेर स्थित महात्मा गांधी राजकीय स्कूल के व्याख्याताओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रार्थना को रोचक बनाने के लिए साउंड सिस्टम स्कूल को गिफ्ट किया। शिक्षकों के भामाशाह बनकर अनूठा उदाहरण पेश करने पर प्रधानाचार्य गीतेश कुमारी ने व्याख्याताओं और अध्यापिका अलका मीना का सम्मान किया।

## राजस्थान-यूपी की जूनियर गर्ल्स जीतीं



**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वावधान में राजस्थान फुटबॉल संघ की ओर से रॉयल फुटबॉल क्लब मैदान पर राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में अंतिम दो लीग मैच खेले गए। राजस्थान और जम्मू कश्मीर मैच में राजस्थान टीम ने जम्मू को 18-0 से हराया। संजू कंवर और नव्या ने 4-4, हंसा कंवर तीन, रितीक्षा और भावना कंवर दो-दो, गुड्डू कंवर और तनुश्री ने एक-एक गोल किया। प्लेयर ऑफ द मैच राजस्थान की दसू कंवर को दिया गया। हिन्दुस्थान जिंक लिमिटेड की सीएसआर हैड अनुपमा निधि व फर्स्ट इंडिया के महिपाल सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

## शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में 2 से 4 नवंबर तक चतुर्थ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इसी सन्दर्भ में मंगलवार को आईसी इंजन टेस्टिंग एंड सिमुलेशन विषय पर 5 दिवसीय प्री-कॉन्फ्रेंस शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. दिलीप शर्मा एमएनआईटी जयपुर रहे, जिन्होंने डीजल आरके सॉफ्टवेयर के बारे में बताने के साथ इंजन के मूलभूत परीक्षण की विधि को समझाया। संस्थान निदेशक (अकादमिक) प्रो. एसएल सुराणा तथा मैकेनिकल विभागध्यक्ष डॉ. धीरज जोशी ने अभिवादन किया। कार्यक्रम मुख्य समन्वयक डॉ. आशीष नैय्यर तथा डॉ. चन्दन कुमार ने कार्यक्रम की उपयोगिता के बारे में बताया।

## मॉडल्स ने कराया स्पेशल फोटो शूट

# हेरिटेज प्रमोट करने निकलीं मिस ओसियन वर्ल्ड क्वींस



**बेधड़क | जयपुर**

पिंकसिटी का टूरिज्म और हेरिटेज, कल्चर दुनिया में आकर्षण का केंद्र रहा है। इसी कड़ी में वर्ल्ड के 12 रैंकिंग पेजेंट मिस ओसियन वर्ल्ड का आयोजन जयपुर के पास चौमूं में किया जाएगा। इसके लिए दुनिया भर से मॉडल्स जयपुर पहुंचीं और स्पेशल फोटो शूट कराकर हेरिटेज को प्रमोट भी किया। आयोजक योगेश मिश्रा ने बताया कि ब्यूटी प्रेजेंट का आयोजन पहली बार किया जा रहा है।

गौरतलब है कि इंटरनेशनल ब्यूटी प्रेजेंट के कार्यक्रमों में टूरिज्म, कल्चर, हेरिटेज प्रमोशन एक्टिविटीज के साथ कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम किए जाते हैं। यही कारण है कि जयपुर का सिटी टूर किया गया और गुलाबी नगरी के हेरिटेज और कल्चर के बारे में बताया गया। 7 दिन चलने वाले आयोजन में अलग-अलग कंट्रीज की ब्यूटी क्वीन अपने कल्चर, हैरिटेज और ट्रेडिशन को प्रमोट करती नजर आएंगी। कार्यक्रम की मुख्य थीम क्लीन और पॉल्यूशन फ्री ओसियन है। इन 7 दिनों में गाउन राउंड व स्विम सूट राउंड के तहत फोटोशूट के साथ क्लीन ओसियन का मैसेज दिया गया।

इसके बाद जयपुर सिटी टूर में टूरिज्म कल्चर और हेरिटेज को वर्ल्ड के सामने प्रेजेंट किया गया। 14 अक्टूबर को चोमूं पैलेस में ग्रैंड फिनाले का आयोजन होगा, जिसमें मिस ओसियन वर्ल्ड-2023 को क्राउन पहनाया जाएगा।

## दिव्यकृति सिंह शेयर करेंगी जर्नी



**जयपुर।** राजस्थान की भारतीय इक्वेस्ट्रियन एथलीट दिव्यकृति सिंह ने हाल ही में चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में ड्रेसाज टीम स्पर्धा में गोल्ड मैडल जीता। बुधवार को जयपुर आने पर उनका वेलकम किया जाएगा और वे अपनी उपलब्धि शेयर करेंगी। गौरतलब है ड्रेसाज के 'इक्वेस्ट्रियन डिसिप्लिन' में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दिव्यकृति सिंह के प्रदर्शन ने टीम को यह उपलब्धि हासिल करने में भूमिका निभाई।

**उपलब्धि** मूर्तिकार राजेन्द्र प्रजापति की बनाई प्रतिमा नाथद्वारा में स्थापित

# 5 माह, 50 कारीगर, 31 फीट के कृष्ण-10 का गोवर्धन

**बेधड़क | जयपुर**

मूर्तिकार पद्मश्री अर्जुन प्रजापति की परंपरा की डोर थामकर आगे बढ़ रहे उनके मूर्तिकार पुत्र राजेन्द्र प्रजापति ने हाल ही में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अंगुली पर धारण किए गोवर्धन पर्वत की विशाल अनूठी प्रतिमा बनाई। इसने नाथद्वारा आने वाले देश-विदेश के हजारों लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। इस अनूठी प्रतिमा को नाथद्वारा के ठीक पहले लगी भगवान शिव की विशालकाय प्रतिमा के दांई ओर की सड़क के उस पार स्थापित किया गया है।



### अंगुली पर सजाया 10 फुट का गोवर्धन पर्वत

कलाकार ने बताया, कि प्रतिमा का निर्माण 50 करीगरों की मदद से 5 महीने में पूरा किया। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा 31 फुट की है और उनकी कनिष्ठ अंगुली पर बिना किसी अन्य बेस के 10 फुट हाइट, 21 फुट चौड़ाई और 12 फुट के गोलाकार व्यास वाले विशाल गोवर्धन पर्वत को स्थापित किया है। प्रतिमा के एक हाथ में शंख, दो हाथों में बांसुरी और चौथे हाथ की अंगुली पर विशालकाय गोवर्धन पर्वत स्थापित है। नाथद्वारा आने वाले लोगों को दूर से ही इसके दर्शन होने लग जाते हैं।



### क्ले मॉडलिंग और कास्टिंग जयपुर में

प्रतिमा गन मैटल की बनी है। इसकी क्ले मॉडलिंग और उसके बाद गन मेटल कास्टिंग का काम जयपुर में किया गया तथा उसकी असेम्बलिंग का काम नाथद्वारा में ही मूर्ति स्थापना स्थल पर किया गया। इसके लिए एक महीने का अतिरिक्त समय और लगाया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 11 अक्टूबर, 2023



"कोई भी संबंध स्वयं की इच्छा से नहीं जुड़ता, आपको कब, कहां और किससे मिलना है, ये केवल ईश्वर तय करते है"
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप





## इजराइल की सेना ने हमास के 500 ठिकानों पर दागे रॉकेट

# इजराइल के हमले में मारे गए 1500 आतंकी

**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल पर हमास के हमले और फिर इजराइल की प्रतिक्रिया के बाद युद्ध भयावह रूप ले चुका है। इस युद्ध में दोनों ओर से जवाबी हमले जोरों से चल रहे हैं। इजराइल की सेना ने 1500 हमास आतंकियों को मारे जाने का दावा किया है। साथ ही कहा है कि हमास के आतंकियों को छिपने के लिए कहीं जगह नहीं मिल रही है।

इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि हमास के आतंकियों के पास गाजा में छिपने के लिए कोई जगह नहीं है। इजराइली वायु सेना हर चार घंटे में फिलिस्तीनी इलाके में हवाई हमले कर रही है। इजराइली सेना ने दक्षिण में बड़े पैमाने पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। सेना के प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने कहा कि इजरायली क्षेत्र में हमास आतंकवादियों के 1,500 शव मिले हैं और सोमवार रात से कोई भी हमास लड़ाका इजराइल में नहीं घुसा है। इजराइली एयरफोर्स के फाइटर जेट ने गाजा पट्टी पर हमास के 500 ठिकानों पर रॉकेट दागे हैं। हमास के हमले के बाद इजराइल की एयर स्ट्राइक में 687 फिलिस्तीनी मारे गए और 3 हजार से ज्यादा घायल हैं। इजरायली पीएम बोले, हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई अभी शुरू हुई है। लेबनान बॉर्डर पर तनाव बढ़ने पर सेना ने टैंक तैनात किए हैं।

### राजदूत नाओर गिलोन की प्रतिक्रिया

पीएम मोदी द्वारा इजराइल के समर्थन में किए पोस्ट पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि मैं फिर से पीएम मोदी को धन्यवाद कहता हूं। हमें अपने भारतीय भाइयों और बहनों से बहुत समर्थन मिला है। हालांकि मैं प्रत्येक को धन्यवाद देने में असमर्थ हूं।

## बेंजामिन नेतन्याहू ने की भारत के प्रधानमंत्री से बात

# इजराइल के साथ भारत: PM मोदी

इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया। इस दौरान उन्होंने अपने देश के वर्तमान हालात के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पीएम मोदी ने ट्वीट करके कहा कि इस मुश्किल घड़ी में भारत इजराइल के साथ है।

मोदी ने इस बारे में ट्वीट करके जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू को शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने फोन किया और वर्तमान हालात के बारे में बताया। भारत के लोग इस मुश्किल समय में पूरी मजबूती से इजराइल के साथ खड़े हैं।

### हमले के दिन भी जताया था दुख



बीते शनिवार को हमास ने इजराइल पर हमला किया था, तब भी मोदी ने इस पर दुख जताया था। तब सोशल मीडिया एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा कि वह इजराइल पर हुए आतंकी हमले से बहुत ज्यादा दुखी हैं। उन्होंने लिखा था कि हम विचारों और प्रार्थनाओं के साथ इजराइल के मासूम पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ। गौरतलब है कि हमास और इजराइल के युद्ध को चार दिन बीत चुके हैं। हमास के हमले के जवाब में इजराइल ने भी कड़ी कार्रवाई की है। तब से लगातार दोनों देशों के बीच युद्ध चल रहा है और अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं।

### गाजा में सामान की आपूर्ति पर रोक

गाजा में शासित चरमपंथी समूह हमास ने इजराइल पर अचानक और भीषण हमले किए। इसके बाद इजराइल ने गाजा में हवाई हमले किए और गाजा में भोजन, ईंधन और अन्य सामान की आपूर्ति पर रोक लगा दी। इजराइल के इस कदम ने संयुक्त राष्ट्र और 23 लाख की आबादी वाले गाजा में सक्रिय सहायता समूहों के बीच चिंता बढ़ा दी।

## इजराइल और हमास की जंग से दो हिस्सों में बंटी दुनिया

# लंदन की सड़कों पर उतरे बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी

■ फिलिस्तीन समर्थकों ने पीएम आवास डाउनिंग स्ट्रीट का किया घेराव

**एजेंसी** | लंदन

इजरायल और हमास के बीच जारी जंग ने पूरी दुनिया को दो हिस्सों में बांट दिया है। यूरोप, अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया जैसे देश इजराइल के साथ हैं तो अरब देशों समेत दुनिया के कई इस्लामिक मुल्क फिलिस्तीन के साथ खड़े हैं। यही नहीं ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भी इसका असर दिख रहा है और सड़कों पर हजारों फिलिस्तीनी और यहूदी नागरिक उतर पड़े हैं।

ऋषि सुनक ने अपने एक भाषण में हमास के आतंकी हमले की निंदा की थी। इसके विरोध में फिलिस्तीन के समर्थकों ने लंदन स्थित इजराइली दूतावास और डाउनिंग स्ट्रीट यानी पीएम के आवास पर घेराव किया। करीब 5000 फिलिस्तीनियों ने सोमवार शाम को 'फिलिस्तीन को आजाद करो' और 'इजराइल एक आतंकवादी देश है' के नारे लगाए।

एक तरफ फिलिस्तीनी जुटे थे तो वहीं इजराइल समर्थक करीब 2000 लोगों ने भी प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्रिटिश पुलिस मौजूद रही।



### ब्रिटेन ने खुलकर किया इजराइल का समर्थन

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक उत्तरी लंदन के एक इलाके में गए थे। उन्होंने इस दौरान यहूदी समुदाय के लोगों से कहा कि मैं यहां आपके साथ हूं। ब्रिटेन खूंखार आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ है। यही नहीं ब्रिटेन ने खुलकर इजराइल का ही समर्थन किया है और हमास के लोगों को उग्रवादी या आजादी के लड़ाके बताने पर भी ऐतराज जताया। पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि हमास वाले उग्रवादी या फिर आजादी के लड़ाके नहीं हैं। ये लोग आतंकवादी हैं। उन्होंने कहा कि हमास के लोगों की बर्बर हरकतें आतंकवाद हैं। यहां तक कि एक म्यूजिक फेस्टिवल में शामिल टीनएजर्स तक को मार डाला गया। बेगुनाह महिलाओं से रेप हुए और मार डाला गया। सैकड़ों लोगों का अपहरण कर लिया गया।

### हमें कोई बैलेंस नहीं बनाना: ऋषि सुनक

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने इजराइल का खुलकर समर्थन करते हुए कहा कि संतुलन का तो कोई सवाल ही नहीं है। हम इजराइल के साथ खड़े हैं। इससे पहले सैकड़ों लोग पीएम आवास पहुंचे और यहूदी समुदाय के लोगों के लिए प्रार्थना की। कहा जा रहा है कि इस आयोजन में कुल 2000 लोग मौजूद थे। वहीं इसके बाद फिलिस्तीन के समर्थक जुटे और इजराइल के दूतावास का घेराव किया। यही नहीं फिलिस्तीन का झंडा लिए इन लोगों में से कुछ ने पटाखे भी फोड़े। ये लोग इजराइल पर हुए हमले का बचाव करते हुए दिखे और कहा कि उसके अवैध कब्जे के चलते ऐसे हालात पैदा हुए हैं।


## अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में चीनी वाणिज्य दूतावास में घुसी कार

# पुलिस ने मारी गोली, ड्राइवर की मौत

**एजेंसी** | सैन फ्रांसिस्को

अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में चीनी दूतावास के अंदर एक कार घुस गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थिति से निपटने के लिए पुलिस अधिकारियों ने ड्राइवर को गोली मार दी, जिसमें उसकी मौत हो गई है। उधर, चीन ने इस



घटना निंदा की है। घटना सोमवार दोपहर तीन बजे की बताई जा रही है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि सैन फ्रांसिस्को में चीनी वाणिज्य दूतावास में एक कार घुस गई। अराजक स्थिति पैदा हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने ड्राइवर को गोली मार दी, जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। कैथरीन विंटर्स ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि अधिकारियों ने वाणिज्य दूतावास के वीजा कार्यालय की लॉबी में प्रवेश किया, संदिग्ध से संपर्क किया। बताया जा रहा है कि एक अधिकारी पर गोलीबारी हुई जिसमें ड्राइवर, पुलिस अधिकारी शामिल थे। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।





## साइकी उल्कापिंड

# नासा का अनोखा मिशन होगा लॉन्च

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

नासा अब एक अनोखा मिशन चलाने वाला है। नासा हमारे सौरमंडल में मौजूद धातु के एक उल्कापिंड पर अंतरिक्ष यान भेजने वाला है। वैज्ञानिकों के मुताबिक साइकी नाम का यह उल्कापिंड ग्रहों के शुरुआती निर्माण खंड का हिस्सा हो सकता है।

मंगल और बृहस्पति ग्रह के बीच मौजूद एस्टेरॉयड बेल्ट में यह उल्कापिंड है, जो प्रमुख तौर पर धातु से बना है। गुरुवार को साइकी अंतरिक्ष यान के उड़ान भरने की उम्मीद है। इससे पहले नासा ने उल्कापिंड बेन्नू को लेकर मिशन चलाया था, जो धरती के करीब है और पृथ्वी के लिए खतरा बन सकता है। साइकी उल्कापिंड सूर्य से 37.8 करोड़ से 49.7 करोड़ किमी के बीच है। लॉन्च के बाद मिशन 2029 में उल्कापिंड के चारों और कक्षा में पहुंचेगा और इसकी वास्तविक बनावट और इसके तत्वों का अध्ययन करेगा। यह दो साल तक इसका अध्ययन करेगा। साइकी उल्कापिंड की खोज 17 मार्च 1852 को इटली के खगोलशास्त्री एनीबेल डी गैस्पारिस ने की थी।



### कितना बड़ा है उल्कापिंड

सेंट्रल फ्लोरिडा विश्वविद्यालय में एक्सोलिथ प्रयोगशाला के विज्ञान सलाहकार डॉ. जो लैंड्समैन ने कहा कि यह रहस्यमय और सबसे बड़ा और अजीब है। नासा के मुताबिक यह उल्कापिंड ढेलेदार और आलू की आकृति का है। इसकी सबसे ज्यादा चौड़ाई 280 किमी और लंबाई 232 किमी है। लैंड्समैन ने कहा कि रडार और दूरबीन अवलोकनों से पता चला है कि साइकी उल्कापिंड संभवतः लोहा, निकल और अन्य धातुओं से बना है, जो सौरमंडल में प्रचुर मात्रा में है।

### किसका बना है उल्कापिंड

उल्कापिंड के घनत्व से पता चलता है कि यह ठोस धातु से नहीं बना है। ऐसा माना जा रहा है कि इसमें चट्टानी पदार्थ, सिलिकेट, कांच और रेत में पाए जाने वाले पदार्थ भी हैं। लैंड्समैन ने कहा कि इसके कोर में कुछ महत्वपूर्ण हो सकता है। हालांकि 2022 में हुए अवलोकन से पता चला कि इसका कोर लोहे का बना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि साइकी का अध्ययन ग्रहों के निर्माण को लेकर सवालों के जवाब दे सकता है। 2020 में एक स्टडी में दावा किया गया था कि इस उल्कापिंड पर इतना ज्यादा लोहा है जो पूरी पृथ्वी की अर्थव्यवस्था से ज्यादा है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl